राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

विश्व विजेता टाइम्स

तापमान
अधिकतम 23°C
न्यूनतम 11°C



वर्ष : 22 | अंक : 151 | लखनऊ, सोमवार, 8 फरवरी, 2021 | मूल्य : 2 रुपये | पृष्ठ - 8 | www.vishwavijetatimes.com

एक नजर

बस के पलटने से दो महिला की मौत, 11 घायल

नवादा। बिहार में नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह बस के पलट जाने से दो महिला की मौत हो गयी तथा 11 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बस पर सवार लोग झारखंड के जमशेदपुर से बिहारशरीफ जा रहे थे तभी बस अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर काराखूंट घाटी में पलट गयी। इस दुर्घटना में बस पर सवार दो महिला की मौत हो गयी जबकि 11 लोग घायल हो गये। मृतकों की पहचान नालंदा जिले के नूरसराय निवासी वीरेंद्र शर्मा की पत्नी कुसुम देवी एवं बिहारशरीफ निवासी मोहम्मद खुर्शीद की पत्नी रुकसाना खातून के रूप में की गयी है। सूत्रों ने बताया कि सभी घायलों को रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल नौ लोगों को बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

किसानों की मांग नहीं मानने की हठ छोड़े सरकार : राहुल

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि कृषि संबंधी तीनों कानून निरस्त होने तक किसान अपना आंदोलन जारी रखने का संकल्प ले चुके हैं इसलिए सरकार को हठ छोड़ कर उनकी मांग मान लेनी चाहिए। श्री गांधी ने ट्वीट किया किसान मजदूर के गांधी जयंती तक आंदोलन के निर्णय से उनके दृढ़ संकल्प के साथ ही ये भी साफ़ है कि वे मोदी सरकार से कितने नाउम्मीद हैं।' उन्होंने सरकार को हठ छोड़ने की सलाह दी और कहा, '' अहंकार छोड़ो, सत्याग्रही किसानों की तकलीफ समझो और कृषि-विरोधी क़ानून वापस लो।'

धारदार हथियार से घर में घुसकर दो महिलाओं की हत्या

उत्तर प्रदेश। हाल ही में अपराध का जो मामला सामने आया है वह सभी को हैरान कर गया है। जी दरअसल इस मामले को गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम का बताया जा रहा है। इस मामले में घर में घुसकर दो महिलाओं की धारदार हथियार से हत्या की गई है। कहा जा रहा है इस घटना में 3 बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हमलावर का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। जी दरअसल वह मौके से फरार हो गया है। कहा जा रहा है इस वारदात के दौरान घर में 5 लोग मौजूद थे। अब परिवार ने यह आरोप लगाया है कि, हमलावर ने लूटपाट के इरादे से वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में यह भी आरोप है कि, हमलावर ने घर मे रखी सारी जैवेलेरी लूट ली। मृतक महिलाओं की पहचान नाम डॉली और अंशु के रूप में हुई है। कहा जा रहा है डॉली के तीनों बच्चो के गले पर धारदार हथियार से वार के निशान है। इस समय घायलों को गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में भर्ती किया जा चुका है। वहीं मृतक महिला डॉली के पति महेश का कहना है कि पिता रात 9 बजे घर पहुंचे। इस दौरान घर का दरवाजा खुला हुआ था। इसी दौरान जब महेश के पिता ने घर की पहली मंजिल पर देखा तो उनकी बहू डॉली और बच्चों की टीचर अंशु समेत तीनों बच्चे लहूलुहान पड़ थे। महेश का कहना है कातिल परिवार का जानकार है, क्योंकि किचन में चाय बनने के लिए रखी गई थी।

चमोली में ग्लेशियर फटने से 100 से अधिक लोगों के मौत की आशंका

देहरादून।

उत्तराखंड के चमोली जिले के रैनी में रविवार प्रातः ग्लेशियर फटने से तबाही मच गई। जंहा इस बात का पता चला है कि ग्लेशियर फटने से धौली नदी में बाढ़ आ गई है। इससे चमोली से हरिद्वार तक संकट बढ़ चुका है। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई है। वहीं, चमोली जिले के नदी किनारे की बस्तियों को पुलिस लाउडस्पीकर से अलर्ट कर रही है। कर्णप्रयाग में अलकनंदा नदी किनारे बसे लोग मकान खाली करने में जुटे। ऋषि गंगा और तपोवन हाईड्रो प्रोजेक्ट पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। जंहा यह भी कहा जा रहा है कि अपर जिलाधिकारी टिहरी शिव चरण द्विवेदी ने कहा कि धौली नदी में बा? आने की जानकारी मिलने के उपरांत जिले में अलर्ट जारी किया जा चुका है। जिसके साथ ही हरिद्वार जिला प्रशासन ने भी अलर्ट जारी किया है। सभी थानों और नदी किनारे बसी आबादी को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। ऋषिकेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। नदी से बोट संचालन और राफ्टिंग संचालकों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार अब ये खबर सामने आई है कि चमोली में 100 से 150 लोगों की जानें की खबर सामने आ रही है. लेकिन अब भी इस बात की पूरी तरह से पुष्टि नहीं हो पाई है

राकेश टिकैतः हम लोगों की हर संभव मदद करेंगे

उत्तराखंड। आज उत्तराखंड के चमोली जिले में ग्लेशियर टूटने से तबाही मची हुई है। अब इसी तबाही को देखते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में उन्होंने हर संभव मदद करने का वादा किया है। जी दरअसल राकेश हरियाणा के चरखी दादरी में भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता हैं। हाल ही में उन्होंने एक बयान में कहा कि, हम प्रशासन के साथ मिलकर लोगों की हर संभव मदद करेंगे।

बिजनौर से बनारस तक जारी हुआ अलर्ट

उत्तराखंड। उत्तराखंड के जोशीमठ में ग्लेशियर टूट चुका है। ग्लेशियर के टूटने से अचानक तबाही आ गई है जिससे उत्तराखंड के साथ-साथ केंद्र सरकार ने भी सतर्कता के निर्देश जारी किये हैं। जी दरअसल केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने चमोली के ऋषि गंगा नदी में ग्लेशियर फटने के बाद गंगा नदी के किनारे वाले जिलों को अलर्ट रहने का निर्देश जारी कर दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी और शाह ने लिया हालात का जायजा

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जिले के रैनी में रविवार प्रातः ग्लेशियर फटने से तबाही मच गई। जंहा इस बात का पता चला है कि ग्लेशियर फटने से धौली नदी में बाढ़ आ गई है। इससे चमोली से हरिद्वार तक संकट बढ़ चुका है। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई है। वहीं, चमोली जिले के नदी किनारे की बस्तियों को पुलिस लाउडस्पीकर से अलर्ट कर रही है। कर्णप्रयाग में अलकनंदा नदी किनारे बसे लोग मकान खाली करने में जुटे। ऋषि गंगा और तपोवन हाईड्रो प्रोजेक्ट पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। वही उत्तराखंड की स्थिति को लेकर नेशनल क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक होगी। अबसे कुछ समय में होने वाली इस बैठक में गृह सचिव सहित केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय के आला अफसर उपस्थित रहेंगे। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के भी नुमाइंदे इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। उत्तराखंड में राहत तथा बचाव कार्य पर नजर रखने के लिए उच्चस्तरीय टीम का गठन किया गया है जो हालात पर निगरानी रखे हुए है।

ऋषि गंगा के प्रोजेक्ट बर्बाद

उत्तराखंड के चमोली में ग्लेशियर टूटने से तबाही मच चुकी है। जी दरअसल यहाँ जिले के रेणी गांव के पास ग्लेशियर टूट गया है। इस समय प्रशासन की टीम मौके के लिए रवाना हो चुकी है। खबरों के मुताबिक इस घटना में कई ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जी दरअसल ग्लेशियर धोली नदी के किनारे-किनारे बह रहा है। ग्लेशियर के टूटने से यहां पावर प्रोजेक्ट ऋषि गंगा को भारी नुकसान हुआ है।

असम में बोले पीएम मोदी साजिशकर्ता

भारत की चाय को भी नहीं छोड़ रहे हैं

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी रविवार को असम में विकास परियोजनाओं की सौगात दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने देश विरोधी ताकतों पर हिंदुस्तानी चाय को बदनाम करने की साजिश में लिप्त होने का आरोप लगाया है। जी दरअसल आज ही असम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, देश को बदनाम करने वाले विदेशों में बैठीं शक्तियां भारतीय चाय इससे जुड़ी पहचान पर हमले की कोशिश कर रहीं हैं, हर हिंदुस्तानी चाय पीने वाला व्यक्ति इसका जवाब लेगा। इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने असम के चाय बगानों में काम करने वाले लोगों तक संदेश पहुंचाते हुए कहा, आज देश को बदनाम करने के लिए साजिश रचने वाले इस स्तर तक पहुंच गए हैं कि भारत की चाय को भी नही छोड़



रहे हैं। आपने खबरों में सुना होगा कि ये साजिश करने वाले कह रहे हैं कि भारत की चाय की छवि को दुनिया भर में योजनाबद्ध तरीके से बदनाम करना है। कुछ दस्तावेज सामने आए हैं, जिनसे खुलासा होता है कि विदेश मे बैठी ताकतें चाय के साथ भारत की पहचान पर हमला करने की फिराक में हैं। इसके अलावा पीएम मोदी ने यह भी कहा कि, पिछले महीने असम में आकर गरीब, पीड़ित, शोषित लोगों को जमीन के पट्टों के वितरण कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मुझे सौभाग्य मिला था। आगे उन्होंने चाय बागानों के लिए मशहूर असम की जनता से सवाल करते हुए पूछा, क्या आपको यह हमला मंजूर है? इस हमले के बाद चुप रहने वाले लोग मंजूर हैं आपको? हर किसी को जवाब देना पड़ेगा, जिन्होंने हिंदुस्तान की चाय को बदनाम करने का बीड़ा उठाया है। सभी राजनीतिक दलों को हर चाय बगान को जवाब देना पड़ेगा। हिंदुस्तान की चाय पीने वाला हर व्यक्ति को जवाब देना पड़ेगा। आगे अपने बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा, इन साजिशकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि जितने मर्जी साजिश कर लें, देश इनके मंसूबे को कामयाब नहीं होने देगा। इन हमलों में इतनी ताकत नहीं है कि हमारे चाय बगान मजदूरों के परिश्रम का मुकाबला कर सकें। देश इसी तरह विकास प्रगति के रास्ते पर बढ़ता रहेगा। असम इसी तरह विकास की नई-नई ऊंचाइयों को छूता रहे राज्य के विकास का पहिया इसी तेज गति से घूमता रहेगा, इसके लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है।

ग्लेशियर टूटने से गंगा नदी के किनारे जिले में हाई अलर्ट

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तराखण्ड में नंदादेवी ग्लेशियर के एक भाग के टूटकर ऋषिगंगा नदी पर बने पावर प्रोजेक्ट डैम पर गिरने की सूचना प्राप्त हुई है जिससे अलकनंदा नदी में जल प्रवाह अचानक बढ़ गया है। बांध टूटने से उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के किनारे स्थित जनपदों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गंगा नदी के किनारे स्थित जनपदों के सभी जिलाधिकारियों/पुलिस अधीक्षकों को लगातार निगरानी के निर्देश दिये गये हैं। परिस्थितियों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एसडीआरएफ को भी अलर्ट कर दिया गया है। प्रदेश में गंगा नदी के किनारे स्थित जनपदों में जल स्तर की निरन्तर निगरानी की जा रही है।

उत्तर प्रदेश के मंडलों के बाद हर जिले में खुलेगी निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग

लखनऊ।

दूरदराज क्षेत्र या कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण से जो युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों में कोचिंग के लिए नहीं जा सकते है अब, उन्हें निश्शुल्क कोचिंग मिलेगी। इस कोचिंग को दिलवाने के लिए पूरी व्यवस्था योगी सरकार ने कर दी है। जी दरअसल वसंत पंचमी का त्यौहार 16 फरवरी को है और इसी दिन से हर मंडल में अभ्युदय कोचिंग की कार्ययोजना पर अंतिम मुहर लगेगी। इसी के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अगले चरण की घोषणा भी कर चुके हैं। कहा जा तहा है मंडलों के बाद प्रदेश के हर जिले में भी कोचिंग शुरू कर दी जाएगी। अभ्युदय कोचिंग के संबंध में मुख्य सचिव आरके तिवारी ने बीते शनिवार को विस्तृत आदेश भी जारी किया है। इस आदेश के अनुसार, वसंत पंचमी से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत

प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर एक निश्शुल्क प्रशिक्षण केंद्र मंडलायुक्त की अध्यक्षता में शुरू किए जाने वाले हैं। कहा जा रहा है राज्य स्तरीय और मंडल स्तरीय समिति के माध्यम से इस योजना को चलाया जाने वाला है। आपको हम यह भी बता दें कि राज्य स्तरीय समिति के लिए उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) को नोडल संस्था और समाज कल्याण विभाग को नोडल विभाग नामित किया गया है। सेवारत आइएएस, आइपीएस, भारतीय वन सेवा, पीसीएस, पीपीएस संवर्ग और अन्य संवर्ग के अधिकारियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों द्वारा संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग आदि के प्रतियोगी छात्रों के लिए राज्य व मंडल स्तर पर फिजिकल-वर्चुअल क्लास निश्शुल्क चलाई जाने वाली है। उपाम, सचिवालय के रूप में काम करेंगी। कहा जा रहा है ख्याति प्राप्त संस्थाओं से पाठ्य सामग्री लेने के लिए अनुबंध किए जाएंगे।

सर्वस्पर्शी अर्थसंकल्प 2021 में बोलीं निर्मला सीतारमण

'बजट पेश करना कठिन था'

महाराष्ट्र।

मुंबई के दादर में आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हुईं। जी दरअसल यहाँ उन्होंने बीजेपी द्वारा बजट 2021-22 को लेकर सर्वस्पर्शी अर्थसंकल्प 2021 शीर्षक से आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान उन्होंने यूनियन बजट को लेकर बहुत सी बातें की। इस दौरान उन्होंने कहा मुंबई में खड़े होकर बजट के बारे में बात करना पार्लियामेंट में बात करने के बराबर है। कोरोना काल को देखकर ही इस बार का बजट तैयार किया गया था ताकि सभी क्षेत्रों को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचे। लेकिन कोरोना काल मे लोगों को ध्यान में रखकर योजना बनाना बेहद चुनौतीपूर्ण था। आगे उन्होंने यह भी कहा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण का लाभ जनता तक पहुंचाने मे जनता का ही सबसे बड़ा योगदान रहा है। हमने कभी ऐसा दौर नही देखा था। कोरोना काल मे ऐसा बजट पेश करना कठिन था। इस दौरान बजट में हम जितना देते कम होता लेकिन हमने हर संभव कोशिश की कि ये बजट सभी के हित में रहे। इसके अलावा वित्त मंत्री ने कोरोना काल मे मुंबईकरों की एकता की सराहना करते हुए यह भी कहा, संकट की घड़ी में मुंबईवासों ने जो एकता दिखाई है उसका कोई जवाब नही है। जिस तरह से घर- घर जाकर लोगो तक राशन पहुंचाया गया, लोगों की मदद की गई वह काबिले-तारिफ है। पूरे देश मे भी यही तस्वीर देखने को मिली। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा, हमारा बजट अपने आप मे ही अद्भुत है इसलिए बजट पेश करने के लिए हमने भारत- ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट का उदाहरण भी दिया था। आत्मनिर्भर वैक्सीन के लेकर आज भारत की ताकत पूरा विश्व देख चुका है और हमे उसके बारे मे ज्यादा बात करने की जरूरत नही है।

इस बार का बजट दूरदर्शी है: पीयूष गोयल

नई दिल्ली। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली स्थित बीजेपी के दफ्तर में हाल ही में मीडिया को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने 1 फरवरी को जारी किए गए बजट की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने कहा, इस बार का बजट दूरदर्शी है। बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। कर दाताओं पर बोझ नहीं डाला गया है। मध्यमवर्ग, किसान और व्यापारियों का भी ख्याल रखा गया है। इसके अलावा उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा, यह बजट देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला और विकास को गति देने वाला बजट है। वहीं, कृषि कानूनों को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमेशा किसानों से इस मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार है। कृषि कानूनों से देश के करोड़ों किसानों का फायदा होगा, लेकिन कुछ लोगों द्वारा किसानों को गुमराह किया जा रहा है। इसी के साथ उन्होंने आगे कहा, किसानों को इसके लाभ से वंचित नहीं किया जाना चाहिये। भारत विकसित देशों, जो काफी अमीर और संसाधन युक्त हैं, की तुलना में जिस प्रकार से महामारी से निपटा वह प्रशंसनीय है। इसके अलावा रेल मंत्री ने यह भी कहा, आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लघु-बजट के माध्यम से समय पर आर्थिक पैकेज लाकर जनता की काफी मदद की। पीएम मोदी ने पहले मानव जीवन को बचाने और फिर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का लक्ष्य रखा जबकि कई देशों ने मानव जीवन पर अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता दी, लेकिन भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने जीविका से पहले जीवन पर ध्यान केंद्रित किया।

उत्तराखंड आपदा पर मायावती ने जताया गहरा दुख, कहा हर संभव सहायता करे केंद्र सरकार

लखनऊ ।

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने केंद्र सरकार से उत्तराखंड में आई आपदा में राज्य की हर संभव सहायता करने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट कर आपदा पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया कि उत्तर प्रदेश के पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के चमोली जिले में एवलांच अर्थात हिमस्खलन के बाद निचले कई इलाकों में हुई भारी जान-माल की तबाही की खबर अति-दुःखद है। केन्द्र इस आपदा से निपटने में राज्य सरकार की हर प्रकार की सहायता तत्काल सुनिश्चित करे, बीएसपी की यह मांग है।

जावड़ेकर ने कोरोना टीकाकरण और आत्मनिर्भर भारत पर चलाया जागरूकता अभियान

नई दिल्ली।

कोरोना टीकाकरण और आत्मानिर्भर भारत के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास में, केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने रविवार को पुणे में एक मोबाइल प्रदर्शनी को हरी झंडी दिखाई। एक प्रेस विज्ञप्ति में जावड़ेकर ने कहा ÷इस अभियान के तहत, विशेष रूप से गढ़े हुए वैन लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए महाराष्ट्र के 36 जिलों में यात्रा करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि देश का वैक्सीन रोल आउट शुरू हो गया है। जब से देश में कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत हुई है, तब से 50 लाख से अधिक स्वास्थ्य और फ्रंटलाइन श्रमिकों का टीकाकरण किया गया है। सीमावर्ती स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बाद 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीका लगाया जाएगा और उसके बाद पूरी आबादी का टीकाकरण किया जाएगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन यूनिसेफ और महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के सूचना, शिक्षा और संचार प्रभाग के सहयोग से सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पुणे ने अभियान को डिजाइन और कार्यान्वित किया। वैन एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी संदेश प्रदर्शित करेंगे और इन वैन को जीपीएस के माध्यम से लाइव ट्रैक किया जाएगा।

कोरोना मामले 12 हजार के करीब, सक्रिय मामलों में मामूली वृद्धि

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के घटते-बढ़ते क्रम में पिछले पांच दिन से नये मामले 12 हजार के करीब आ रहे हैं और सक्रिय मामलों में मामूली वृद्धि हुई है वहीं इस बीमारी से होने वाली दैनिक मौतों की संख्या दूसरे दिन भी 100 से नीचे रही।

इस बीच देश में अब तक 57 लाख 75 हजार 322 लोगों का कोविड-19 टीकाकरण किया जा चुका है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार की सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में संक्रमण के 12,059 नये मामले सामने आये , जिससे संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर एक करोड़ आठ लाख 26 हजार से अधिक हो गया है।

नियोजन संस्थान में जालसाजी का केस, 2 आईपीएस समेत 11 अधिकारीयों पर मामला दर्ज

लखनऊ।

उत्तर प्रदेश नियोजन संस्थान में जालसाज़ी का नया मामला सामने आया है। जी दरअसल यहाँ पर फर्जीवाडे के मामले में संस्थान के दो अफसरों समेत 11 अधिकारियों पर जालसाज़ी और दस्तावेज़ों में फेरफेरी का मामला दायर किया गया है। इस मामले में आरोपियों में एक आईएएस अधिकारी डॉ। सतवीर सिंह है, जो 31 दिसंबर 2020 को राज्य नियोजन संस्थान में जॉइंट डायरेक्टर के पद से रिटायर्ड हुए थे। वहीं अन्य आरोपियों के बारे में बात करें तो साल 2012 बैच के अधिकारी अंकित अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के नाम शामिल है। इस मामले में, प्राची सिंह का कहना है महिला अधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के आरोपों में पहले ही जाँच चल रही है। कहा जा रहा है उत्तर प्रदेश पुलिस ने महिला अधिकारी के बयान के आधार पर दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। इस मामले में उन्होंने यह भी बताया कि जब महिला अधिकारी ने कार्यस्थल में चल रही गड़बढ़ियों की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी, पर कोई करवाई नहीं हुई। उसके बाद पीड़िता पर प्रताड़ना शुरू हो गई। इसके बाद उससे अभद्र भाषा में बात होने लगी। केवल यही नहीं बल्कि खिड़की से फेकने की धमकी दी गई, साथ ही गलत आरोपों में दसिने की धमकी भी दी गई। उसके बाद महिला अधिकारी ने महिला आयोग का दरवाजा खटखटाया। इस मामले में बीते 3 फरवरी को दर्ज की गई है। आपको बता दे कि अंकित अग्रवाल वर्तमान में प्रयागराज विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष है और ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी विशेष सचिव नियोजक है

ओखला में आग का कहर, 20 से अधिक झुग्गियां हुई खाक

नई दिल्ली। दिल्ली से एक ऐसी ही दिल दहला देने वालो खबर सामने आई है. दिल्ली के ओखला फेज 2 में हरिकेश नगर मेट्रो स्टेशन के संजय कॉलोनी में शनिवार की देर रात्रि को आग लगने से कोहराम मच गया, जिसमें 20 से अधिक झोंपड़ियां जल कर रख में तबदील हो गई। अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि विभाग को रात्रि 2 बजे आगजनी की जानकारी मिली थी। अभी तक इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। 27 दमकल की गाड़ियां की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया है।

भाकियू ने धरना देकर प्रधानमंत्री को भेजा सात सूत्रीय ज्ञापन

उरई/जालौन ।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन के निर्देश पर शनिवार को तीनों कृषि बिलों को वापस लिये जाने सहित सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को सौंपा। धरना सभा को संबोधित करते हुये भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार ने कहा कि कृषि प्रधान देश की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है लेकिन भारत सरकार द्वारा देश के किसानों की आर्थिक स्थिति की चिंता किए बगैर पूंजीपतियों के हित में किसान विरोधी कानूनों को बनाकर लगातार किसानों की अनदेखी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार तीनों कृषि बिों को वापस ले। समर्थन मूल्य को कानूनी अधिकार बनाकर समर्थन मूल्य के नीचे खरीद को अपराध की श्रेणी में घोषित किया जाये। बिजली दरें वर्ष 2020 में बढ़ी है उन्हें वापस लिया जाये। आंदोलनरत किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिये जाए। पराली जलाने के नाम पर किसानों पर जुर्माना व सजा के प्राविधान को खत्म किया जाये। कृषि कार्य के लिए किसानों को डीजल आधे दामों पर दिलाया जाये। अन्ना गौवंश से किसानों की फसलों को बचाने के लिए प्रत्येक गांव में गौशालाओं की व्यवस्था की जाये। इस दौरान रामुमार पटेल तहसील उरई अध्यक्ष, मानसिंह पाल, अमर सिंह, हरीशंकर, भगवानदास, गजेंद्र सिंह, बृजकिशोर बुधौलिया, दिनेश, मानसिंह सहित अनेकों किसान उपस्थित रहे। अंत में भाकियू ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

तहसील अध्यक्ष देवी सिंह के नेतृत्व में किसानों ने किया प्रदर्शन

कृषि कानूनों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने काले कृषि कानूनों वापस लेने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष देवीसिंह पटेल गायर के नेतृत्व में किसानों ने केन्द्र सरकार द्वारा किये संशोधित कृषि कानूनों का विरोध किया तथा इन्हें काले कानून बताकर तीनों कानूनों को वापस लेने की मांग की है। किसानों ने 2020 में बढ़ी बिजली की दरें वापस लेने, पराली जलाने के नाम पर किसानों पर जुर्माना लगाने व सजा के प्रावधानों को वापस लेने, प्रत्येक गांव में गौशाला खोलने तथा किसानों को कृषि कार्य हेतु आधे मूल्य पर डीजल देने के साथ आंदोलन के दौरान किसानों पर लिखे मुकदमे वापस लेने की मांग की है।

खेल हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण : अस्मिता चंद

गोरखपुर

स्व. कृष्णदेव सिंह स्मारक जिला स्टीय फुटबाल प्रतियोगिता नवयुग इण्टर कोलेज ग्राम बैदौली, गोरखास, जिला गोरखपुर मे चल रहें कार्यक्रम में कल शुक्रवार को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अस्मिता चन्द रही। जो खोराबार बनाम बरहज के बीच वॉलीबॉल खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि ने स्वर्गीय कृष्णदेव के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं फीता काट के कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समस्त खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिससे देश के सभी युवाओं को स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है।

हमारे शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखता है। इसलिए सारे युवाओं को खेल में जरूर भाग लेना चाहिए। जिसके लिए सरकार ने दी खेलो इंडिया के तहत लोगों को जागरूक भी कर रही है जिससे हमारे देश के युवा निरोग व स्वस्थ रहें। कार्यक्रम के आयोजक उदय प्रताप सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जो इस तरह के खेल कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। कार्यक्रम में देवेंद्र प्रताप चंद, शिवम शुक्ला, मनोज तिवारी, सतीश शर्मा, देवेन्द्र त्रिपाठी, शिवाजी, दीपक वर्मा, अश्वनी सिंह, अनुराग दुबे,आदि लोग उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 70 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

सीतापुर,

विकास खंड सकरन क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बेहटा क्षेत्र के चकली बाबा मंदिर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 70 जोड़ों को धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार वैवाहिक बंधन में बंधे । योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 51000 की आर्थिक सहायता दी गईमुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा के साथ विधायक सुनील वर्मा ब्लाक प्रमुख ममता वर्मा अनुपम वर्मा कृष्ण कुमार वर्मा राजकुमार द्विवेदी पूर्व ब्लाक प्रमुख मोलहेराम ने नवविवाहित युगल दंपतियों को सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार के साथ बेहटा और विकासखंड सकरन के अधिकारी सुभाष चंद्र वर्मा जितेंद्र कुमार रस्तोगी एडीओ पंचायत रवि शंकर राकेश यादव ओम प्रकाश जायसवाल राकेश कुमार अशोक कुमार ने भी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

विकासखंड सकरन और विकासखंड बिहटा सीमा पर स्थित चकली बाबा मंदिर के परिसर में मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 70 युगल परिणय सूत्र बंधन में बंध गए।

आईओसीएल सहजनवा में एनडीआरएफ और जिला प्रशासन ने किया संयुक्त मेगा मॉक ड्रिल समन्वय

गोरखपुर

सहजनवा स्थित आईओसीएल बॉटलिंग प्लांट में गैस लीक होने की खबर सुनते ही भगदड़ मच गई। एनडीआरएफ जिला प्रशासन फायर ब्रिगेड समेत कई एजेंसिया हरकत में आ गई और मौके पर पहुंचकर तुरंत ही राहत-बचाव में जुट गई। कुछ ही देर में इन एजेंसियों ने हालातों को काबू पर काबू पा लिया।

यह मौका था आईओसीएल कंपनी के प्लांट में गैस रिसाव का, यहां मेगा मॉक ड्रिल समन्वय का अभ्यास हो रहा था जिसका मुख्य उद्धेश्य रासायनिक आपदाओं में काम करने वाले हितधारकों में आपसी समन्वय बढ़ाना और कमियों को दूर करना था। दोपहर करीब 01:00 बजे आईओसीएल के प्लांट के पम्प हाउस एरिया में गैस का रिसाव होने की खबर आग की तरह फैल गई जिससे कंपनी कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। हादसे को देखते ही प्रभावितों को रेस्क्यू करने का प्रयास किया गया परंतु स्थिति पर काबू न होने पर इसे इमरजेंसी घोषित किया गया एवं इओसी डिस्ट्रिक्ट गोरखपुर द्वारा तत्काल एनडीआरएफ को बुलाया गया ख़बर मिलते ही एनडीआरएफ के टीम कमांडर गोपी गुप्ता सेफ्टी ऑफिसर निरीक्षक डी पी चंद्रा सहित 30 सदस्यीय टीम आईओसीएल प्लांट में पहुंची और तुरंत राहत व बचाव कार्य आरंभ किया। रेस्क्यू में पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट पहनकर एनडीआरएफ जवानों ने गैस रिसाव वाला स्थान चिन्हित किया एवं अपने उपर्युक्त उपकरणों द्वारा रिसाव बंद किया तथा साथ ही साथ बचाव दल ने प्रभावितों को सुरक्षित बाहर निकाला। औद्योगिक आपदा प्रबंधन पर 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रत्युत्तर केंद्र गोरखपुर ने आईओसीएल प्लांट सहजनवा गोरखपुर के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल का यह आयोजन शनिवार को किया।

इस अभ्यास में 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रत्युत्तर केंद्र गोरखपुर ने प्रारम्भिक चरण में योजना एवं समन्वय में सक्रिय भागीदारी और सहायता प्रदान करके ड्रिल के दौरान मुख्य भूमिका निभायी। एनडीआरएफ के रेस्क्यूएर्स ने सभी आवश्यक प्रतिक्रिया उपकरणों के साथ मॉक ड्रिल में भाग लिया।

किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस ले सरकार : शत्रुघ्न भारती

गाजीपुर ।

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति और भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से विभिन्न सवालों को लेकर शनिवार को मार्च निकाला गया। मार्च निकलाने से पहले भारद्वाज भवन पर किसान नेताओं की पुलिस से झड़प भी हुई। पुलिस मार्च निकालने से रोक रही थी। बावजूद इसके मार्च सरजू पांडेय पार्क में पहुंचा और सभा में तब्दील हो गया।

सभा में उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिलाध्यक्ष जनार्दन राम के साथ भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भारती मौजूद रहे रुपाराम शत्रुघ्न भारती ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर टैक्टर परेड, निर्धारित मार्गों पर शांतिपूर्ण रूप से हुआ। आरएसएस संघ परिवार के इशारे पर किसान आंदोलन को बदनाम करने के लिए गहरी साजिश के तहत लालकिले पर हिंसा और अराजकता का माहौल मोदी और अमित शाह के साथ कई जगह पर तस्वीरों में दिखाई देने वाले किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के दीप सिन्धु, सतनाम सिंह पन्नू ने किया। लेकिन कृषि मंत्री के साथ वार्ता में शामिल किसान नेताओं, अन्नदाता किसानों के ऊपर देशद्रोह सहित कई गंभीर मुकदमा लाद दिया। 122 से अधिक किसानों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने किसानों पर दर्ज देशद्रोह सहित गंभीर मुकदमों को वापस लेने, गिरफ्तार नेताओं को बिना शर्त रिहा करने की मांग की। किसान महासभा के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह ने कहा कि मोदी सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसान विरोधी कृषि कानूनों को रद्द करने के बजाय निर्लज्जता से शांतिपूर्ण किसान आंदोलन के चारों तरफ सड़क के बैरिकेड, कंटीली बाड़ों, कीलें ठोककर अवरूद्ध कर रही है। इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दिया है। उन्होंने सड़क से कीलें, कांटेदार बाड़ हटाने, इंटरनेट को बहाल करने की मांग की।

सभा को मुहम्मद नसीरुद्दीन, सीपीआई जिला सचिव अमेरिका यादव, भाकपा माले के जिला सचिव रामप्यारे राम, एमसीपीआई (एम) के अनुभव दास, भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न, डाक्टर रामबदन सिंह, अशोक मिश्रा, राजेश बनवासी, मोती प्रधान, उजागीर राम, सगीर अहमद, ने सम्बोधित किया किया।

सामर्थ्य के अनुसार मंदिर निर्माण में सहयोग करना चाहिए : कंचन प्रभा पांडे

सीतापुर। श्रीराम मंदिर निर्माण राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपनी सामर्थ्य के अनुसार मंदिर निर्माण में सहयोग करना चाहिए उक्त बातें श्री राम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के अंतर्गत आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला संयोजक कंचन प्रभा पांडे ने कही उन्होंने आगे कहा कि श्री राम मंदिर निर्माण से भारत के नागरिकों को आत्मसम्मान की अनुभूति होगी क्योंकि 492 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो रहा है विदित हो कि निर्माण निधि समर्पण अभियान के अंतर्गत आयोजित मातृशक्ति समर्पण अभियान के अंतर्गत रेउसा मंडल के डेलिया भरथा राजपुर ग्रामों में महिला मोर्चा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सीमा शुक्ला शालिनी गुप्ता संतोषी मिश्रा कंचन बाजपेई हेमा आदि पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रही।

कांग्रेस के महामंत्री अनुज राय को पुलिस ने किया नजरबंद

गाजीपुर, ।

कृषि कानून का विरोध हर तरफ देखने को मिला इसी के तहत मोहम्दाबाद में कांग्रेस पार्टी के महामंत्री अनुज राय नें कहा कि योगी और मोदी ने तानाशाही की हद कर दिया है आज रात्रि से ही बड़े भाई आनंद राय के घर पुलिस पहुंची और पुलिस ने उद्दंडता पूर्वक जबरदस्ती घर में प्रवेश किया और रात्रि से ही यह कहते हुए नजर बंद कर दिया गया कि आपको बाहर नहीं निकलना है घर के अंदर ही रहना है क्योंकि आप लोग आंदोलनकारी हैं और किसानों के समर्थन में प्रदर्शन करते हैं सुबह हम लोग भी वहां पर पहुंचे तो उनके साथ हम लोगों को भी पुलिस द्वारा नजरबंद किया गया और बाहर नहीं निकलने दिया गया यह कार्रवाई डरे हुए नेता की ही हो सकती है जो लोकतंत्र की मर्यादा को पूरी तरह से तार-तार कर दिया। इस जघन्य कार्यवाही का कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोध करते हैं और किसानों के समर्थन में आखरी सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे।

हम कांग्रेस के कार्यकर्ता आनंद राय के नेतृत्व में किसानों के समर्थन में उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद को पत्रक अवश्य देंगे तथा उसके लिए आंदोलन भी करेंगे योगी मोदी की पुलिस जितना भी उत्पीड़न करें लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।

रात में चोरों ने दो घरों से हजारों का माल किया पार

रामपुरा/जालौन ।

थाना क्षेत्र के ग्राम नरौल में बीती रात दिनेश विश्वकर्मा पुत्र मुन्नीलाल विश्वकर्मा व दीनदयाल पोस्टमैन पुत्र दयाराम कोरी के घर में चोरों अपना हाथ साफकर लिया।

जानकारी के अनुसार सुबह के समय जब दीनदयाल सोकर उठे व घर के दूसरे कमरे में गये तो घर का सामान तितरबितर देख सन्न रह गये। जिसके बाद दीनदयाल व ग्रामीणों ने जब दिनेश के घर के दरवाजों में पड़े ताले टूटे देखे, जिसके बाद जब घर के अंदर का नजारा देख ग्रामीण दंग रह गये। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गृहस्वामी दीनदयाल ने बताया कि उनके घर से एलसीडी टीवी व घर में रखे 5 हजार रुपए के लगभग चोरी हुई हैं।

सड़क हादसों में दो की मौत, तीन घायल

एटा। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि 2 महिलाओं समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायत पर वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। जनपद हाथरस के हसायन थानान्तर्गत ग्राम रामनगर गढरिया निवासी 26 वर्षीय हरेन्द्र पुत्र जनकसिंह ट्रक लेकर क्लीनर धर्मवीर निवासी नगला रानी थाना अकराबाद जिला अलीगढ़ के साथ एटा के शिकोहाबाद रोड़ पर जा रहा था। बीती रात रिजोर थाने के सामने ट्रक पेड़ से टकरा गया, जिससे चालक हरेन्द्र की मौत हो गई, जबकि धर्मवीर गंभीर रूप से घायल हुआ है। कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत जीटी रोड स्थित मैसी ट्रेक्टर की एजेंसी के पास बाइक ने टक्कर मार दी।

कृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने किया चक्का जाम

एटा ।

केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ शनिवार को संयुक्त किसान मोर्चा और अखिल भारतीय किसान यूनियन के अलावा किसान संगठनों ने एटा-कासगंज मार्ग स्थित ग्राम नगला ख्याली के समीप शांतिपूर्ण और अहिंसक रूप से चक्का जाम किया। एम्बुलेंस और स्कूल बसों को जाने दिया तथा सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों से कोई झड़प नहीं की।

इस दौरान किसानों ने अपनी मांगों को रखते हुए प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया। किसानों ने मांग की कि सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाकर नए तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करें, किसान संघ कृषि उत्पादों की एमएसपी से कम मूल्य पर खरीद को दंडनीय अपराध के दायरे में लाने की भी मांग उठाई, किसानों की खरीद पर एमएसपी की गारंटी दी जाए, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की जाए।

इसके अलावा वे धान-गेहूं की फसल की सरकारी ख़रीद को सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने चक्का जाम के दौरान कानून व्यवस्था में खलल डालने या जनजीवन को प्रभावित करने वाली किसी भी स्थिति को रोकने के उद्देश्य से चक्का जाम के दौरान पुलिस फोर्स तैनात कर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। ताकि शरारती तत्व किसी प्रकार का उपद्रव न कर सकें।

इस दौरान सुरेंद्र शास्त्री राष्ट्रीय महासचिव, अनिल सोलंकी राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं इंजीनियर दीपका यादव, राजीव सोलंकी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

महंगाई को लेकर सयुस ने किया प्रदर्शन

देवरिया । रविवार को समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओ ने संगठन के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव के नेतृत्व में रसोई गैस सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल, के बढ़े दामो व भाजपा सरकार में निरंतर बढ़ रही महँगाई के विरोध में शहर के पोस्टमार्टम चौराहा स्थित आजाद चौक पर बैनर व तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ता, बॉस देवरिया स्थित सपा कार्यालय से निकलकर प्रदर्शन करते हुऐ पोस्टमार्टम चौराहा स्थित आजाद चौक पर पहुचकर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान सम्बोधित करते हुए समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार महंगाई बढ रही है। रसोई गैस सिलेंडर के दामो में प्रति सिलेंडर 25 रु की वृद्धि कर सरकार ने आम जनता की कमर तोड़ने का कार्य किया है। भाजपा सरकार में रोज डीजल , पेट्रोल के दामो में बढोतरी हो रही है। लगातार ब? रही महँगाई के वजह से प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से त्रस्त हो गयी है। भाजपा को गरीबो, मजदूरों, किसानों, व्यापारियों, महिलाओ शोषितो, वंचितों, छात्रों , नौजवानों, पिछड़ो, दलितों, अल्पसंख्यको का उत्पीड़न करने में ज्यादा दिलचस्पी है। इस दौरान पूर्व प्रदेश सचिव इन्दल यादव, धीरेंद्र यादव, रामप्रीत, शिवनाथ, इबरार, देवेन्द्र भारती,शौर्यप्रताप सिंह, अवधेश, दिनेश, जितेंद्र, सूरज कुशवाहा,शाकिर अली, रिंकू पटेल,श्रीनाथ चौधरी, प्रशांत मिश्रा,राजू, हरिकेवल, शैलेंद्र,वीरेन्द्र, राजकुमार वर्मा,अशोक, बेचन, विकास,मुगके आजम अंसारी, राहुल गुप्ता, मनजीत , राकेश ,श्यामू राजभर, अखिलेश, धनन्जय कुशवाहा,आदि रहे।

अवैध अंग्रेजी शराब व वाहन दो गिरफ्तार

देवरिया । पुलिस अधीक्षक डॉक्टर श्रीपति मिश्रा ने पुलिस ने निश्चित मनोरंजन कक्ष में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया शनिवार की रात प्रभारी एसओजी टीम देवरिया एवं थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर पाण्डेय चक चैराहे के पास से एक ट्रक वाहन संख्याः क्क14 त्नञ्ज 0345 से टिशू पेपर के बन्डल के नीचे छिपाकर रखी गयी हरियाणा निर्मित इम्पीरियल ब्लू अवैध अंग्रेजी शराब की 750 एमएल की 61 पेटी, 375 एमएल की 158 पेटी, 180 एमएल की 46 पेटी तथा मैक डॉवेल की 750 एमएल की 21 पेटी, 375 एमएल की 172 पेटी, 180 एमएल की 72 पेटी, कुल 530 पेटी बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 38 लाख रूपये है तथा ट्रक वाहन, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रूपये है, इस प्रकार कुल बरामदगी लगभग 52 लाख रूपये की गयी है। इस संबंध में अभियुक्त 01.मो0 तारिफ पुत्र मो0 इंसाद निवासी-मजिदपुरम थाना-कोतवाली जनपद-हापु?, 02.अफरोज पुत्र जान मोहम्मद निवासी-मसूरी जनपद-गाजियाबाद की गिरफ्तारी कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

काला कानून वापस लेने, गन्ना मूल्य बढ़ाए जाने को लेकर मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष सतीश चंद्र ओझा के नेतृत्व में मंडलायुक्त गोरखपुर के मार्फत प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन भेजा मंडलायुक्त जयंत नालिर्कर की अनुपस्थिति में अपर आयुक्त अजय कांत सैनी को किसान नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए किसान विरोधी कानून को तत्काल वापस लिया जाए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाया जाए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए साथ में ही उत्तर प्रदेश सरकार से मांग किया कि विगत 4 वर्षों से गन्ना मूल्य में कोई बढ़ोतरी नहीं किया गया। जबकि 4 वर्ष पहले डीजल 52 था लेबर 150 में काम करता था आज डीजल 76 में मिलता है 350 में लेबर काम करता है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावी हो रही है महंगाई को देखते हुए गन्ना किसानों का मूल्य बढ़ाया जाना अति आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप सिंह जिला महासचिव राकेश तिवारी तहसील अध्यक्ष चौरीचौरा रामानुज विश्वकर्मा तहसील अध्यक्ष भटहट अदालती गुप्ता तहसील अध्यक्ष खोराबार महेश प्रसाद शर्मा संजय सिंघानिया मनोज कुमार सदानंद दुर्गेश लक्ष्मण परशुराम सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

किसान संगठनों द्वारा किया गया प्रदर्शन

सीतापुर। हाइवे पर नव निर्मित तहसील महोली के गेट पर दिल्ली में जो किसान आंदोलन चल रहा है उसकी नेशन कॉल के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा सीतापुर के किसान संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया गया ज्ञापन उप जिलाधिकारी महोली ने लियाए संयुक्त किसान मोर्चा सीतापुर के द्वारा मांग की गई की केंद्रीय सरकार द्वारा लाए गए काले कृषि कानून के विरोध में लगभग 75 दिन से धरना देने के बावजूद भी सरकार द्वारा किसानों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है लगातार किसान अपनी शहादत दे रहे हैं जिसमें लगभग डेढ़ सौ से 155 किसान शहीद हो चुके हैं संयुक्त किसान मोर्चा सीतापुर मांग करता है कि जल्द से जल्द केंद्रीय सरकार काले कानून वापस ले लें एवं आहत एवं शहीद हुए किसानों को मुआवजा प्रदान करें एवं फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देते हुए कानूनी प्रावधान बनाया जावे यदि केंद्र सरकार द्वारा काले कानून अतिशीघ्र वापस नहीं लिए जाते हैं तो किसान उग्र रूप धारण करके लिए बाध्य होंगेए जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी ज्ञापन देने वालों में सरदार पिंदर सिंह सिद्धू राष्ट्रीय किसान मंच के जिला अध्यक्ष धीरज पाण्डेय किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की रिचा सिंह सिख संगठन के गुरपाल सिंह आदि संगठनों के पदाधिकारी और भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

किसी भी राष्ट्र की भाषा उसका गौरव होती है: आनंदीबेन पटेल

लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र की भाषा उसका गौरव होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की संस्कृति और अस्मिता की पहचान उसकी भाषा से होती है। विश्व में वही देश और समाज प्रतिष्ठा का पात्र होता है, जो अपनी भाषा और अपने संस्कारों का अभिमानी होता है। ये विचार श्रीमती पटेल ने आज यहां ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में स्टडी सेन्टर एवं स्टूडेन्ट फैसिलिटी सेन्टर के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय भाषाओं का समन्वय ही देश के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा और यही विश्व को जोड़ने वाला सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि भारत जैसे गणतंत्र में एकता और स्थायित्व बनाने के लिये भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इस विश्वविद्यालय ने अपने नाम में परिवर्तन कर कुछ भाषाओं की जगह सभी भाषाओं को बढ़ावा देने का प्रावधान किया है। विश्वविद्यालय द्वारा अब हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, अरबी तथा फारसी के साथ-साथ संस्कृत भाषा के भी पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि विश्वविद्यालय में टर्किस, पाली, प्राकृत एवं अन्य भाषाओं के लिये भी एक विस्तृत कमेटी बना दी गयी है। जिसमें विभिन्न प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के भाषा विशेषज्ञों को शामिल किया गया है।

पटेल ने इस अवसर पर दो भवनों का भी लोकार्पण किया। इनमें से एक रूसा के अनुदान से तैयार किया गया अध्ययन केन्द्र है तथा दूसरा छात्र सुविधा केन्द्र है, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुविधा के लिये बैंक, कैन्टीन, स्टेशनरी व फोटोकापी जैसी सुविधायें हैं। इसके साथ ही इस सेन्टर से एनसीसी तथा एनसएस की विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने की व्यवस्था है। इस अवसर पर राज्यपाल ने इस वर्ष विश्वविद्यालय की ओर से गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने वाले दो एनसीसी कैडेट्स को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अध्ययन केन्द्र और छात्र सुविधा केन्द्रों का फायदा हमारे विद्यार्थियों को अवश्य प्राप्त होगा। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने पांच गाँव गोद लिये हैं तथा वहाँ पर जागरूकता एवं शैक्षिक गतिविधियां चलायी जा रही हैं। इसके साथ ही टीबी ग्रसित जो बच्चे गोद लिये थे, उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं, मैं उनकी सराहना करती हूँ।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा जो आंगनबाड़ी केन्द्र गोद लिये गये हैं, उनमे पंजीकृत बच्चों के उत्थान एवं उनके कुपोषण की दिशा में भी समुचित कार्य किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि कुपोषण दूर करने के लिये यह आवश्यक है कि हमें गर्भवती महिलाओं बच्चों और किशोरियों को स्वस्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा। हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिये स्वास्थ्य, पोषण, पीने का शुद्ध पानी, स्वच्छता तथा अच्छी शिक्षा आदि पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने अपील की कि सभी विश्वविद्यालय महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों के उत्थान में इसी प्रकार सहयोग करें ताकि हमारा उत्तर प्रदेश राज्य शीघ्र ही कुपोषण मुक्त हो सके।

इस अवसर पर राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को फल, बैग तथा अन्य उपहार भेंट किये। इस मौके पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा ने कहा कि पठन-पाठन में गुणवत्ता सुधार होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भवन भले अच्छा न हो लेकिन शिक्षक और शिक्षार्थी बहुत अच्छे होने चाहिए, यह तभी संभव है जब शिक्षक तथा विद्यार्थियों में सुन्दर समन्वय हो। विश्वविद्यालय के कुलपति विनय कुमार पाठक ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान तथा संचयन भाषा के बिना संभव नही है। अतः भाषाओं पर शोध नितांत जरूरी है जिसके लिये विश्वविद्यालय में प्रयास किये जा रहे हैं।

अवध शिल्पग्राम में चल रहे हुनर हाट का समापन

लखनऊ

22 जनवरी से राजधानी के अवध शिल्पग्राम में चल रहे हुनर हाट का रविवार को समापन हो गया। इसे केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। 17 दिन तक चले इस आयोजन में 29 लाख से ज्यादा लोग आये और पुश्तैनी दस्तकारों, शिल्पकारों के उत्पाद खरीदकर श्वोकल फॉर लोकल अभियान का हिस्सा बने।

समापन कार्यक्रम में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हुनर हाट में जहां देश के हर क्षेत्र के स्वदेशी हस्तनिर्मित दुर्लभ उत्पाद उपलब्ध थे वहीं, दूसरी और यहां आने वाले लोगों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों के पारम्परिक लजीज पकवानों का भी लुत्फ उठाया। हुनर हाट ई प्लेटफार्म पर भी देश-विदेश के लोगों के लिए उपलब्ध रहा, जहां लोगों ने सीधे दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों के स्वदेशी सामानों को सराहा और खरीदा। उन्होंने बताया कि हुनर हाट अब जेम पोर्टल (गवर्नमेंट इ मार्केटप्लेस) पर भी उपलब्ध है। 23 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हुनर हाट का उद्घाटन किया। मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि लखनऊ के हुनर हाट में आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, ओड़िशा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल सहित 31 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 500 हुनर के उस्ताद शामिल हुए। ये दस्तकार, शिल्पकार अपने साथ अजरख, एप्लिक, आर्ट मेटल वेयर, बाघ प्रिंट, बाटिक, बनारसी साड़ी, बंधेज, बस्तर की जड़ी-बूटियां, ब्लैक पॉटरी, ब्लॉक प्रिंट, बेंत-बांस के उत्पाद, चिकनकारी, कॉपर बेल, ड्राई फ्लावर्स, खादी के उत्पाद, कोटा सिल्क, लाख की चूड़ियां, लेदर, पश्मीना शाल, रामपुरी वायलिन, लकड़ी-आयरन के खिलौने, कांथा एम्ब्रोइडरी, ब्रास-पीतल के उत्पाद, क्रिस्टल ग्लास, चन्दन की कलाकृतियां, लकड़ी-बेंत के फर्नीचर आदि के स्वदेशी हस्तनिर्मित शानदार उत्पाद प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए ले कर आये।

कलात्मक कौशल एवं वाणिज्यिक ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन किया प्रतिभागी छात्रों ने

लखनऊ ।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे पाँच दिवसीय साहित्यिक एवं साँस्कृतिक महोत्सव 'यूफोरिया-2021' के तीसरे दिन आज रूस, बांग्लादेश, नेपाल, शारजाह, कुवैत एवं भारत के विभिन्न राज्यों के मेधावी छात्रों ने कलात्मक कौशल एवं वाणिज्यिक ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने बुक कवर डिजाइनिंग, मीलेन्ज, बिजनेस प्रजेन्टेशन एवं क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से गागर में सागर उड़ेलकर रख दिया। इन प्रतियोगिताओं द्वारा न सिर्फ छात्रों के ज्ञान-विज्ञान व विचारों के आदा-प्रदान का विस्तार हो रहा है अपितु देश-विदेश के छात्रों को लखनऊ की संस्कृति व सभ्यता से अवगत कराने में यह सम्मेलन महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का सिलसिला अलंकरण (बुक कवर डिजाइनिंग) प्रतियोगिता से प्रारम हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों ने दिये गये विषय पर पुस्तक का कवर पेज डिजाइन किया। प्रतियोगिता में छात्रों की रचनाशीलता व कलात्मक प्रतिभा देखते ही बनती थी। इसी प्रकार, प्राइमरी व जूनियर वर्ग के छात्रों के लिए आयोजित मीलेन्ज प्रतियोगिता का फाइनल राउण्ड बहुत ही आकर्षक रहा। प्रारम्भिक लिखित राउण्ड के उपरान्त 6 प्रतिभागी छात्रों को फाइनल राउण्ड में प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिला जिन्होंने अंग्रेजी साहित्य, प्रमुख पुस्तकों व उनके लेखकों के नाम, मुहावरे, वाक्यांश एवं उपमाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं ऑडियो-विजुअल राउण्ड में सवालों के जवाब देकर अपने श्रेष्ठता साबित की। इसी प्रकार, समुद्र मंथन (बिजनेस प्रजेन्टेशन) प्रतियोगिता में भी छात्रों का हुनर देखते ही बनता था, जिसमें छात्रों ने 'मेक इन इंडिया' एवं 'ए स्टेप टुवार्डस सेल्फ-सस्टेनबिलिटी ऑफ इण्डिया' विषय पर एक से बढ़कर एक बिजनेस मॉडल का प्रस्तुतिकरण किया। यह प्रतियोगिता दो राउण्ड में सम्पन्न हुई। प्रथम राउण्ड के उपरान्त 10 छात्र टीमों को द्वितीय राउण्ड में प्रतिभाग करने का अवसर मिला तथापि प्रत्येक टीम में तीन छात्र शामिल थे। इन छात्रों ने कुल 6 मिनट के समय में अपने स्वनिर्मित बिजनेस मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करने के साथ ही निर्णायक मंडल द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब दिये, साथ ही इन माडलों के माध्यम से सामाजिक विकास की अपनी सोच को उजागर किया। इसके अलावा, तेनाली प्रश्नावली (क्विज) प्रतियोगिता का प्रारम्भ राउण्ड भी आज सम्पन्न हुआ तथापि फाइनल राउण्ड कल आयोजित किया जायेगा। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि 5 से 9 नवम्बर तक आयोजित हो रहे 'यूफोरिया-2021' में देश-विदेश की 45 छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। महोत्सव के चौथे दिन कल 8 फरवरी को देश-विदेश के प्रतिभागी छात्र वर्डप्ले प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद व क्विज प्रतियोगिता के फाइनल राउण्ड में अपने ज्ञान का प्रदर्शन करेंगे।

अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ उप महासचिव बने सुरेश यादव

लखनऊ ।

अखिल भारतीय राज्य सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का उत्तर प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव को अखिल भारतीय राज्य सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का डिप्टी जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व प्रदेश से अखिल भारतीय महासंघ में रामराज दुबे को जिम्मेदारी मिल चुकी चुकी है। श्री यादव अखिल भारतीय स्तर पर मिले पद को अपना सौभाग्य बताते हुए बताया कि मैं 98 में वाणिज्य कर विभाग में आशुतोष उपाध्याय द्वारा मुझे कर्मचारी नेता के रूप में मनोनीत किया गया तब से लगातार वाणिज्य कर विभाग में प्रांतीय महासचिव के पद पर नियुक्त हूं। मैं हमेशा से ही कर्मचारी समाज के लिए उनके समस्याओं के लिए बराबर संघर्ष करता रहा हूं और करता रहूंगा। उत्तर प्रदेश में विधानसभा घेराव, दिल्ली के जंतर मंतर पर चतुर्थ श्रेणी की लगी भर्ती पर रोक को लेकर भारत भारत वर्ष विभिन्न प्रदेशों से आए हुए कर्मचारियों के आंदोलन में बढ़-चढ़कर उन्होंने भाग लिया। वर्तमान समय में चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का प्रदेश महामंत्री हूँ। मुझे अखिल भारतीय स्तर पर जो दायित्व मुझे सौंपा गया है मैं इसको पूरी जिम्मेदारी से निभाऊंगा। कर्मचारियों की हक की लड़ाई मैं सरकारों से कर्मचारियों का पक्ष रखकर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराने का काम करूंगा। प्रदेश महासचिव सुरेश सिंह यादव ने समस्त अखिल भारतीय राज्य सरकारी चतुर्थ श्रेणी महासंघ के पदाधिकारियों को एवं उत्तर प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष रामराज दुबे समस्त प्रदेश के प्रांतीय महासंघ के पदाधिकारी एवं जिला शाखा के अध्यक्ष मंत्री एवं समस्त विभागों के प्रांतीय अध्यक्ष मंत्रियों को धन्यवाद देते हुए यह विश्वास दिलाया है कि मैं कर्मचारियों के हित में उनके कार्यों की की प्रति हमेशा जागरूक रहूंगा। उनका मुख्य संघर्ष उत्तर प्रदेश सहित चतुर्थ श्रेणी के साडे चार लाख पद रिक्त हैं एवं अन्य राज्यों में चतुर्थ श्रेणी के लाखों लाख पद रिक्त हैं उन परी भर्ती कराने ,पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जारी रहेगा।

एक नज़र में

दो दिवसीय ब्लैक एंड व्हाइट आर्ट कैम्प का समापन

लखनऊ । रूपकृति ओपन आर्ट स्पेस के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लैक एंड व्हाइट आर्ट कैम्प का आज समापन हुआ। कला शिविर में बनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी दिनांक 8 फरवरी को वास्तुकला एवं योजना संकाय, टैगोर मार्ग लखनऊ स्थित प्रांगण में लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि डॉ वंदना सहगल(प्राचार्य एवम अधिष्ठाता वास्तुकला संकाय) नरेन्द्र पंजवानी (वरिष्ठ रंगमंच एवं फिल्म अभिनेता) एवं जस्टिस राकेश शर्मा (पूर्व न्यायाधीश, इलाहाबाद हाईकोर्ट) करेंगे साथ ही प्रतिभागी कलाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। शिविर के क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि इस कैम्प में उत्तर प्रदेश से 9 प्रतिभागी व अन्य प्रदेशों से 7 आमंत्रित कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने दो- दो कलाकृतियां सृजित कीं। इस आर्ट कैम्प के विषय के अंतर्गत श्याम स्वेत रंगों के माध्यम में कलाकारों ने कलाकृतियों का सृजन किया। प्रतिभागी कलाकारों में उत्तर प्रदेश से अभिषेक पाल, ऋषभ राज, अक्षय, शिवम शुक्ला, आरती सिंह, शिवम केसरी, अनससुल्तान, नौसीन जेहरा, रविकांत सोनी रहे। यह कला शिविर 6 फरवरी को दोपहर से वास्तुकला एवं योजना संकाय, टैगोर मार्ग लखनऊ के प्रांगण में शुरू किया गया जिसका आज समापन हुआ।

पूरे देश को किसानों के साथ आना चाहिए: जी.के.शर्मा

लखनऊ । दिल्ली में चल रहे किसान आन्दोलन को भारत के लोकतंत्र के लिए जरूर कदम बताते हुए अधिवक्ता गोपाल कुमार शर्मा ने कहा कि यह एक ऐसा समय है जब देश की मिट्टी को अपने खून और पसीने से सींचने वाले किसानों के पक्ष में देश के हर खास और आम आदमी को सरकारी दमन की परवाह किये बिना उठ खड़ा होना चाहिए वरना हमारी आने वाली पीढियाँ हमें माफ नहीं करेगी। मानव कल्याण परिषद मजदूर सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष जी.के.शर्मा ने फैजाबाद रोड स्थित सीताराम गेस्ट हाउस के जनता जनार्दन वार्ता केन्द्र में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं को सुनने के लिए उच्चतम न्यायालय ने जो समिति बनाई वह देश के संविधान का मजाक उड़ाने जैसी कोशिश कहीं जायेगी जब आपने केन्द्र सरकार पर लगे आरोपों की पड़ताल करने के लिए केंद्र सरकार से ही कमेटी सदस्यों के नाम मंगा लिये। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जी.के.शर्मा ने बताया कि आज इन लोक विरोधी किसान बिलों के कारण और प्रदर्शनकारी किसानों पर केन्द्र सरकार के संवेदनहीन तौर-तरीकों से पूरी दुनिया में भारत की छवि धूमिल हो रही है जिसकी सजा केन्द्र सरकार में बैठे लोगों को मिलनी चाहिए।भारतीय सेना जुड़े रहे जी.के.शर्मा के अनुसार मौजूदा सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा से गम्भीर समझौते किये है जिनकी जांच होनी चाहिए।

योगी सरकार में पीड़ितों को नहीं मिल रहा है न्याय: लल्लू

लखनऊ ।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने योगी सरकार में विगत 214 दिनों में 363 लोगों द्वारा विधानभवन एवं मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन के सामने आत्महत्या एवं आत्मदाह के प्रयास को अत्यन्त दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास करना निश्चित तौर पर योगी सरकार के भ्रष्ट एवं पंगु प्रशासनिक तन्त्र का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिसके चलते ब्लाक एवं जनपद स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आम जनता से धन उगाही लगातार बढ़ा है। पीड़ितों की न तो थाने पर सुनवाई हो रही है और न ही जिला मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा उन्हें न्याय दिया जा रहा है। यही कारण है कि जिलों से पीड़ित न्याय की आशा में राजधानी आते हैं और अधिकारियों के चक्कर काटकर हताश होकर न्याय न मिलने के चलते आत्मदाह को विवश हो रहे हैं। यही कारण है कि मात्र 7 माह में ही 363 लोगों ने राजधानी में मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने आत्मदाह का प्रयास किया है।

अजय कुमार लल्लू ने कहा कि किसी भी चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का प्रथम दायित्व आम जनता को न्याय एवं सुरक्षा प्रदान करना है जिसमें योगी आदित्यनाथ सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। जिलों में पीड़ितों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भारतीय जनता पार्टी का न गुण्डाराज न भ्रष्टाचार का नारा खोखला साबित हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मीडिया में प्रकाशित खबरों के मुताबिक सर्वाधिक आत्मदाह के प्रयास जमीन से जुड़े विवाद को लेकर हुए हैं। इससे यह साबित होता है कि तहसील से लेकर जनपद के एसडीएम एवं डीएम तक पीड़ितों की नहीं सुन रहे हैं। जबकि प्रदेश के मुखिया आये दिन अधिकारियों के साथ मीटिंग करते और निर्देश देते हुए दिखाई देते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री का शासन और प्रशासनिक अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। सरकार की छवि साफ-सुथरी दिखाने के नाम पर थानों में एफआईआर नहीं दर्ज हो रहे हैं और सत्तापक्ष से जुड़े नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की दबंगई आम जनता के न्याय में रोड़ा बने हुए हैं। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि योगी राज में लूटतन्त्र न्याय पर हावी है। पिछले चार वर्षों में भ्रष्टाचार ने कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं और जनता दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हुई है। न्याय की गुहार लगाने वाली आम जनता को न्याय के बजाए लाठियां मिली हैं। आज स्थिति यह है कि खुद सत्ताधारी दल के विधायकों और सांसदों ने अधिकारियों द्वारा न सुने जाने का कई बार आरोप लगाया है और धरने पर बैठने को विवश हुए हैं।

भाजपा ने लोकतंत्र का चेहरा बिगाड़ दिया: अखिलेश

लखनऊ ।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने लोकतंत्र का चेहरा बिगाड़ दिया है। पब्लिक सेक्टर के संस्थानों को बेचने के कार्यक्रम में भाजपा सरकार पूरी तरह लग गई है। राष्ट्रीय सम्पत्ति की बिक्री और लाभकारी संस्थाओं को पूंजीघरानों का बंधक बनाने को विमुद्रीकरण और विनिवेश की संज्ञा देकर जनता को भरमाने का काम किया जा रहा है। भाजपा में देश सम्हालने की क्षमता नहीं है।श्री यादव आज पार्टी मुख्यालय, लखनऊ में वित्तविहीन शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमण्डल के अलावा राज्य के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं से भेंट के उपरांत उन्हें सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सन् 2022 में उत्तर प्रदेश की लड़ाई बहुत महत्वपूर्ण होगी। एक तरह से यहां लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा होनी है। बूथ की लड़ाई बड़ी है। उन्होंने आव्हान किया कि अगले विधानसभा चुनावों में समाजवादी सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अनुशासित होकर साइकिल को लक्ष्य बनाकर मतदान की तैयारी करें।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अपने दरवाजे कुछ खास लोगों के लिए खोल रखे हैं जबकि गरीबों, किसानों और बेरोजगार नौजवानों के लिए उसके दरवाजे बंद हैं। भाजपा के प्रलोभन से लोकतंत्र को बचाना है। उन्होंने कहा किसान आंदोलन का तीसरा महीना होने को है। अब तक उनकी न्यायोचित मांगों पर भाजपा सरकार ने कोई निर्णय नहीं किया है। लगातार किसानों का दमनचक्र जारी है। श्री यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में नौजवान रोटी-रोजी के लिए परेशान है। वित्तविहीन शिक्षकों को भी वह समर्थन देगी। समाजवादी सरकार बनने पर नौकरियों में बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी। महिलाओं को सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास में पीछे है झांसा देने में आगे है। समाजवादी पार्टी विकास में विश्वास रखती है उसके सभी काम जनता के नाम है। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यद्यपि भाजपा सरकार ने उत्पीड़न के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं तथापि समाजवादी बिना डरे या विचलित हुए सन् 2022 में समाजवादी सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जी-जान से जुटेंगे। वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की कुनीतियों से जनता का पूरी तरह मोहभंग हो गया है। समाजवादी पार्टी और श्री अखिलेश यादव पर ही सबकी निगाहें टिकी है क्योंकि राज्य की जनता ने देखा है कि समाजवादी पार्टी का काम खुद बोलता है।

शोभनाथ नौवी बार मुशी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए

लखनऊ ।

मुंशी संघ सिंचाई विभाग का अधिवेशन चौधरी चरण सिंह प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में शोभनाथ सिंह '' मनोज '' को नौवी बार प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी कैलाश यादव अध्यक्ष मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन आफसर्किल आफिसेस और सह चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार नेगी अध्यक्ष राजकीय वाहन चालक संघ सिंचाई विभाग की देख रेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी द्वय ने बताया कि निर्वाचन के उपरान्त शोभनाथ सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष, विकास कुमार त्यागी प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरूण खरे प्रान्तीय उपाध्यक्ष, धीरेन्द्र मिश्रा प्रान्तीय महामंत्री, वैद्यनाथ प्रान्तीय कोषाध्यक्ष और मलखन सिंह प्रान्तीय सम्प्रेक्षक चुने गए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी कैलाश यादव ने शपथ दिलाई। अपने नौवी बार निर्वाचन के उपरान्त शोभनाथ सिंह ने कहा कि उनका संवर्ग हित के लिए संघर्ष जारी रहेगा। मुंशीध्हेडमुंशी के पदनाम परिवर्तन कर राजस्व पर्यवेक्षक और मुख्य राजस्व पर्यवेक्षक बनाए जाने की मांग और पॉच वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले मुंशी और एक वर्ष की सेवा पूरी करने वाले हेड मंशी को जिलेदार की परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रमुख सचिव सिंचाई के पंत्राक संख्या 3175ध्13-27 सिं 7-21,54ध्4 को प्रख्यापित कराने सहित मुख्य 9 सूत्रीय मांगों की प्रतिपूर्ति के लिए प्रतिनिधि मण्डल अतिशीघ्र विभागाध्यक्ष से मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदस्यों के हितों की रक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

जादू के माध्यम से सभी को स्पर्श कुष्ट से किया जागरुकता

लखनऊ । अगर त्वचा पर हल्के या तांबई रंग के धब्बे हों और उनमें संवेदनहीनता हो तो यह कुष्ठ रोग हो सकता है। इसके अलावा हाथ या पैरों में अस्थिरता या झुनझुनी, नसों में दर्द, कान या चेहरे पर सूजन, हाथ या पैरों पर सुन्नता या घाव होना भी कुष्ठता के लक्षण हैं। ऐसा होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक को दिखाना चाहिए। स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काकोरी में एनएमए धर्मेन्द्र दीक्षित ने लोगों को यह जानकारी दी। वहीं, अधीक्षक डॉ. पिनाक त्रिपाठी ने बताया कि यह बात ध्यान देने वाली है कि हर दाग कुष्ठ रोग नहीं होता है। जादूगर द्वारा जादू के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रद्युम्न कुमार मौर्या ने वहां पर उपस्थित लोगों को बताया कि समय से पहचान एवं नियमित उपचार से कुष्ठ रोग पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है। सीएचसी काकोरी सहित प्रदेश के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर एमडीटी निःशुल्क उपलब्ध है।

बांदा के भाजपा और बसपा के दर्जनों कार्यकर्ता सपा में शामिल

लखनऊ

समाजवादी पार्टी की नीतियों और अखिलेश यादव के नेतृत्व पर आस्था जताते हुए आज जनपद बांदा के भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के दर्जनों प्रमुख कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने उन्हें सदस्यता दिलाने के साथ उम्मीद जताई कि सन् 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की बहुमत की सरकार बनाने की दिशा में तेजी से काम होगा। सदस्यता ग्रहण करने आए भाजपा-बसपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि विपक्ष में समाजवादी पार्टी ही है जो सत्तारूढ़ दल की कुनीतियों को सशक्त विरोध करती है। जनता उसके ही साथ है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों-उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। बाद में बांदा से आए सभी लोगों ने अखिलेश यादव से भेंट की। सदस्यता ग्रहण के मौके पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी राजपाल कश्यप, छात्रसभा के पूर्व अध्यक्ष निर्भय सिंह (मोन्टी) तथा लोहियावाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री अचिन खरे भी उपस्थित थे। आज भाजपा छोड़कर अपने तमाम साथियों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख हैं सर्वश्री अरूण टेपी, नीरज गुप्ता, प्रिंस साहू, पंकज मिश्रा, अमन मिश्रा, राकेश गुप्ता, धीरज पाण्डेय, रघुवेन्द्र गुप्ता, सुमित दीक्षित, अजय गुप्ता, पुरूषोत्तम गुप्ता, आदर्श शुक्ला, ओम पाण्डेय, नरेन्द्र गुप्ता, प्रबल शुक्ला, प्रज्जवल खरे आदि जबकि बसपा के सर्वश्री रामबाबू सेन, नूरा खान, चेतराम प्रजापति, दीपक प्रजापति, कमल निषाद, अरूण कुमार, अजय कुमार आदि भी अपने दर्जनों साथियों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

पुलिस चौकी से 50 कदम दूर गैस कटर से एटीएम काटकर लाखों रुपये ले उड़े शातिर

लखनऊ । राजधानी में शातिर एटीएम कटर गिरोह के हौसले बुलंद हैं। चार दिन के अंदर शातिर चोरों ने दूसरी घटना को अंजाम दिया। इस बार चिनहट क्षेत्र में मटियारी पुलिस चौकी से 50 कदम दूरी देवां रोड पर स्थित केनरा बैंक के बूथ में शनिवार रात घूसे चोरों ने गैस कटर से एटीएम काटकर लाखों रुपये ले उड़े। रविवार को पुलिस और बैंक की टेक्निकल टीम पहुंची और पड़ताल में जुट गई। इसके चार दिन पहले विभूतिखंड स्थित एक एटीएम को काटकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया था। जानकारी के मुताबिक मटियारी पुलिस चौकी से 50 कदम दूर देवां रोड पर केनरा बैंक का एटीएम है। शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे नकाबपोश तीन शातिर चोर एटीएम बूथ में घुसे। उन्होंने गैस कटर से एटीएम काटा और उसके बाद कैश ट्रे से लाखों रुपये निकालकर भाग निकले। सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर बैंक मैनेजर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर चिनहट और बैंक की टेक्निकल टीम ने पड़ताल शुरू की। इसके बाद एडीसीपी कासिब आब्दी पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल के आस पास लगे सीसी कैमरों की पड़ताल पुलिस टीम से शुरू कराई। एडीसीपी ने बताया कि चोरों की फुटेज मिल गई है। सभी नकाबपोश हैं। उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। बैंक मैनेजर और उनकी टेक्निकल टीम पड़ताल कर रही है कि घटना के समय कितने रुपये एटीम में थे और कितने चोरी हुए हैं। वह जो भी तहरीर देंगे उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर स्थित एटीएम में शातिर चोर करीब एक घंटे रहे। वह डेढ़ बजे घुसे थे और ढ़ाई बजे करीब वारदात को अंजाम देकर निकलें। इस बीच एटीएम में गार्ड तो कोई था नहीं पर पुलिस भी गश्त करने नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस गश्त करती तो संभवतः चोर पकड़े जा सकते थें। घटना से पुलिस की लापरवाही भी सामने आयी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
विश्व विजेता टाइम्स

विचार

लखनऊ, सोमवार, 08 फरवरी, 2021

संपादकीय

स्वदेशी मुहिम में प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण जरूरी

ऐसे मौके पर जब साम्राज्यवादी चीन के खतरनाक मंसूबे लगातार उजागर हो रहे हैं और पाक दशकों से घात लगाये बैठा है, देश की सुरक्षा के लिए चाक-चौबंद आधुनिक प्रतिरक्षातंत्र विकसित करना जरूरी है। इसके लिए सेना को आधुनिक हथियारों व युद्धक तकनीक से लैस करना वक्त की जरूरत है। पिछले कई दशकों से भारत की गिनती दुनिया में सबसे बड़े हथियार खरीदारों में होती रही है। साथ ही खरीद में होने वाले तमाम घोटाले भी गाहे-बगाहे उजागर होते रहे हैं। यहां तक कि ये हथियार दुश्मन के खिलाफ काम आये न आये हों, मगर सरकार पर हमले हेतु विपक्ष का हथियार जरूर बनते रहे हैं। बहरहाल, राजग सरकार ने सेना को आधुनिक हथियारों की आपूर्ति की दिशा में सार्थक पहल की है। वर्षों से लंबित खरीद के मामलों में तेजी आई है। लद्दाख में चीनी अतिक्रमण, खासकर गलवान घाटी में दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष के बाद हथियार खरीद में तेजी आई है। उच्चस्तरीय सैन्य तैयारियों को गति मिली है। निस्संदेह अत्याधुनिक हथियारों के बिना सीमाओं को मजबूती दे पाना संभव नहीं है क्योंकि मौजूदा दौर में युद्धक तकनीकों में तेजी से बदलाव आया है। थल सेना के स्थान पर वायु सेना और ड्रोन तकनीकों का वर्चस्व बढ़ा है। हालांकि, कहा जाता रहा है कि वर्ष 2021-22 के बजट में मौजूदा चुनौतियों के मद्देनजर रक्षा बजट में करीब 1.4 फीसदी की वृद्धि पर्याप्त नहीं है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सैन्य आधुनिकीकरण के लिए पूंजीगत परिव्यय को पर्याप्त बढ़ाया गया है ताकि तात्कालिक रक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने में परेशानी न आये। यह राशि करीब बाईस हजार करोड़ बतायी जाती है। दरअसल, अगले सात-आठ वर्षों में रक्षा सामान के आधुनिकीकरण पर नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का प्रावधान किया गया है। निस्संदेह, यह स्वागतयोग्य कदम उस धारणा को तोड़ने का प्रयास करेगा, जिसमें कहा जाता था कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार है। इसमें दो राय नहीं कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यह कदम जहां दुर्लभ विदेशी मुद्रा की बचत करेगा, वहीं देश में रक्षा उत्पादन संबंधी उद्योगों के विस्तार से कालांतर में हम हथियारों के निर्यातक भी बन सकते हैं। महत्वपूर्ण यह भी कि देश में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। निस्संदेह जब देश में हवाई जहाज या बड़े अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण होगा तो उसके लिए आवश्यक कलपुर्जे व जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने वाले छोटे, लघु व मध्यम दर्जे के उद्योगों के विकास को भी मदद मिलेगी। फिर आत्मनिर्भरता की एक नई शृंखला तैयार होगी। लेकिन जब हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की बात करते हैं तो प्रश्न उभरता है कि क्या हम शोध-अनुसंधान व गुणवत्ता के स्तर पर निर्माण के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर पायेंगे। निस्संदेह मेक इन इंडिया मुहिम के लिए कारगरतंत्र विकसित करने के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारी करनी होगी। यह सुखद ही है कि हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने देश की प्रमुख स्वदेशी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स से 83 हल्के लड़ाकू विमान तेजस खरीदने के लिये 48000 करोड़ रुपये के समझौते पर मोहर लगायी है। लेकिन यह भी हकीकत है कि बड़े पैमाने पर स्वदेशीकरण रातों-रात नहीं हो सकता। इसके लिए निजी क्षेत्र की अग्रणी भूमिका, प्रमुख तकनीकी विशेषज्ञों तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी के शीर्ष संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही रक्षा उत्पादन से जुड़े पब्लिक सेक्टर यूनिटों की कार्यशैली व शोध-अनुसंधान की गुणवत्ता में व्यापक सुधार की जरूरत भी है, जिसकी अनुशंसा रक्षा मामलों की स्थायी संसदीय समिति ने भी की है। वहीं गुणवत्ता के साथ जरूरी है कि रक्षा उपकरण सेना की जरूरतों के अनुरूप समय से मिल सकें। सरकार ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में विदेशी पूंजी के निवेश के मापदंडों में छूट दी है। यह भी जरूरी है कि विदेशों से हथियारों की खरीद के साथ अंतर्राष्ट्रीय निर्माताओं तथा भारतीय फर्मों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी सुनिश्चित किया जाये। कोशिश हो कि देश में अनुसंधान व नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण बने।

डिग्रियों का गोरखधंधा

हिमाचल प्रदेश के एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा चलाया जा रहा फर्जी डिग्रियों का गोरखधंधा उजागर होने से शिक्षा में निजी क्षेत्र की भूमिका पर फिर सवाल खड़े हुए हैं। फर्जी डिग्री की बिक्री और खरीद की उत्कंठा हमारे समाज में नैतिक मूल्यों के पराभव की भी दास्तान बताती है। यद्यपि जांच के प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के जरिये 17 राज्यों में 36000 फर्जी डिग्रियों का पता चला है, लेकिन जब पूरा सच सामने आयेगा तो तस्वीर और डराने वाली होगी। जांचकर्ताओं ने इस संख्या को भ्रष्टाचार के सागर में तैरते हिमखंड की संज्ञा दी है जो पानी के ऊपर कम दिखायी देता है मगर पानी के नीचे लंबा-चौड़ा विस्तार लिये होता है जो घोटाले के व्यापक दायरे की ही पुष्टि करता है। दरअसल, हिमाचल के सोलन स्थित इस निजी विश्वविद्यालय से घोटाले का खुलासा होने के बाद विशेष जांच दल ने बरामद 55 हार्ड डिस्क में से अब तक केवल 14 को ही स्कैन किया है। निस्संदेह जब सभी हार्ड डिस्क जांच ली जायेंगी तो घोटाले के वास्तविक आकार का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को गुमनाम शिकायत करने पर इस घोटाले के खुलासे से राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की कार्य संस्कृति पर सवाल उठे हैं। यह खुलासा कई सवालों को भी जन्म देता है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्वविद्यालय परिसर में एक दशक से अधिक समय से गैरकानूनी गतिविधियों को चलाया जा रहा था। सवाल उठता है कि आखिर वह निगरानी व नियामक तंत्र इतने समय तक क्यों सोया रहा, जिसकी जिम्मेदारी निजी विश्वविद्यालयों की कारगुजारियों की निगरानी करना और अनुचित पर रोकथाम लगाना होता है। निस्संदेह, ऐसे मामलों में शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों की ओर भी उंगलियां उठेंगी कि उनकी नाक के नीचे शिक्षा के नाम पर एक दशक तक गोरखधंधा कैसे चलता रहा। क्यों नहीं समय रहते कार्रवाई की गई। क्यों शिक्षा की विश्वसनीयता से खिलवाड़ का खतरनाक खेल एक दशक तक चलता रहा। निस्संदेह सरस्वती के मंदिर में अवैध कारोबार का यह घोटाला विचलित करने वाला है। कुछ मेहनती विद्यार्थी अपना जीवन होम करके तथा माता-पिता की खून-पसीने की कमाई खर्च करके जो डिग्री हासिल करते हैं, उसे समाज में आपराधिक सोच के लोग चंद रुपयों से चुटकियों में जुटा लेते हैं।घ्सवाल उन संस्थानों और विभागों का भी है जहां इन फर्जी डिग्री हासिल करने वाले लोगों ने नियुक्तियां पायी हैं। यह सवाल भी व्यथित करता है कि क्यों समाज में फर्जी डिग्रियों की मांग में लगातार वृद्धि हुई है। बिना प्रामाणिक शिक्षा और मूल्यांकन के ऐसी डिग्रियां हासिल करना उन क्षेत्रों के लिये घातक है जहां विषय की विशेषज्ञता की प्राथमिकता होती है। जिसके लिये राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। निस्संदेह इस घाटाले का खुलासा हमारी शिक्षा प्रणाली की विसंगतियों और विद्रूपताओं को ही उजागर करता है। सख्त और बिना किसी राजनीतिक दबाव के जांच करने पर कई अन्य निजी विश्वविद्यालयों में ऐसे खुलासे हो सकते हैं, जिनको लेकर गाहे-बगाहे मीडिया में खबरें तैरती भी रहती हैं। यह अच्छी बात है कि विश्वविद्यालय के कर्ताधर्ताओं की 192 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की गई है जो कि घोटाले के दायरे में आती है। मनी लांड्रिंग के आरोपों के बीच इस घोटाले में हुई कार्रवाई को देश में किसी भी निजी शैक्षणिक संस्थान के विरुद्ध उठाये गये सबसे बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। निस्संदेह इस पर्वतीय राज्य में ही नहीं, आसपास के राज्यों में भी उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्रों की विश्वसनीयता को बहाल करने में लंबा वक्त लगेगा। उन पर पारदर्शी व्यवस्था के लिये दबाव बढ़ेगा। इसके बावजूद इस विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों, विभिन्न संकायों के शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों की भी अनदेखी न हो, क्योंकि सभी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।घ्इस बाबत पूरे देश में निगरानी तंत्र विकसित करने की जरूरत है ताकि मेहनतकश व प्रतिभाओं के भविष्य से खिलवाड़ रोका जा सके। सख्ती से ही भारतीय शिक्षातंत्र की विश्वसनीयता बहाल की जा सकती है।

जनता के भरोसे जोखिम उठाते मोदी

- प्रदीप सिंह

आने वाला समय भारत का है और उसके स्वागत की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह बात तमाम दुनिया को नजर आ रही है। कुछ लोगों को यह बात समझ में नहीं आ रही, क्योंकि उनकी निंदा हीनभावना से उत्पन्न हुई है। जब आप कर्म के मामले में कमजोर होने लगते हैं तो निंदा आपके स्वभाव का स्थायी भाव बन जाती है। हरिशंकर परसाई ने लिखा है कि ईर्ष्या-द्वेष से प्रेरित निंदा करने वाले को कोई दंड देने की जरूरत नहीं है।

अपने समर्थकों और देश के आमजन की सहज बुद्धि पर शायद ही किसी प्रधानमंत्री को ऐसा भरोसा रहा हो, जैसा मोदी दिखा रहे हैं। किसी भी नेता की राजनीतिक पूंजी उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। नेता इसका इस्तेमाल बड़ी किफायत से करते हैं और इसके प्रति सजग रहते हैं कि इसमें कमी न होने पाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास राजनीतिक पूंजी बहुत ज्यादा है, पर वह इसका इस्तेमाल बड़ी दरियादिली से करते हैं। लगता है उन्हें इसका अक्षय पात्र मिल गया हो। किसान आंदोलन के माहौल में कोई भी प्रधानमंत्री लोकलुभावन घोषणाओं का सहारा लेता। इसके विपरीत मोदी सरकार ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की। बजट के जरिये मोदी विकास की राजनीति की एक नई इबारत लिख रहे हैं। मोदी बड़ा राजनीतिक जोखिम मोल ले रहे हैं। वह एक के बाद एक नए-नए आथ्थक सुधार के ऐसे कदम उठा रहे हैं, जो राजनीतिक घाटे का सौदा बन सकते हैं। इन कदमों का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है कि ये विपरीत परिस्थितियों में उठाए जा रहे हैं। खराब परिस्थितियां केवल राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि कोरोना के कारण भी हैं। मोदी के राजनीतिक विरोधियों के दो वर्ग हैं। एक दाएं-बाएं देखकर विरोध करता है। दूसरा, लगातार विरोध में लगा रहता है। मोदी का विरोध बाहर ही नहीं घर में भी है। संघ परिवार के विभिन्न आनुषांगिक संगठनों में से कोई एक समय-समय पर विरोध की आवाज बुलंद करता ही रहता है। किसानों के नाम पर चल रहा आंदोलन पहले अहिंसक से हिंसक हुआ और फिर गैर-राजनीतिक से राजनीतिक। विरोध के इस वातावरण में किसी भी सरकार के हाथ-पांव फूल सकते हैं। विरोध का आलम यह है कि तिरंगे के अपमान के साथ गणतंत्र दिवस एवं लाल किले की मर्यादा तार-तार करने और पुलिस वालों पर जानलेवा हमला करने वालों का भी समर्थन किया जा रहा है। आपने इससे पहले देश में कोई ऐसा आंदोलन देखा है, जिसमें चार सौ पुलिस वाले घायल हो जाएं, उन पर लाठी, डंडे, लोहे के रॉड से ही नहीं तलवार से भी हमला हो और ऐसा करने वाले सीना तान कर घूम रहे हों। जैसे पीडिघ्त ही दोषी हों। ट्रैक्टरों को अभी तक हमने खेतों में चलते देखा था। 26 जनवरी को उन्हें हथियार के रूप में इस्तेमाल होते देखा। विरोधियों के हिसाब से यह सब जायज है, क्योंकि वह मोदी के विरोध में है। मोदी इन सब से कतई विचलित नहीं लगते। अपने समर्थकों और देश के आमजन की सहज बुद्धि पर शायद ही किसी प्रधानमंत्री को ऐसा भरोसा रहा हो। उनके मन में यह बात बहुत गहरे बैठी हुई है कि लोग ईमानदार आदमी का साथ देते हैं। भारतीय समाज के मानस में एक बात गहरे पैठी हुई है कि ईमानदार आदमी अच्छा होता है और वह व्यक्तिगत स्वार्थ पर समाज के हित को वरीयता देता है। इसीलिए विपक्ष के इतने बड़े नेताओं के होते हुए भी उन्हें 1975 में एक जयप्रकाश नारायण, 1986-87 में एक वीपी सिंह और 2011 में एक अन्ना हजारे की जरूरत पड़ी। इन तीनों अवसरों पर सत्तारूढ़ दल और उसके नेतृत्व पर भ्रष्टाचार के आरोप थे। जनमानस में उनकी विश्वसनीयता नहीं रह गई थी और लोकप्रियता निचले पायदान पर थी। जेपी, वीपी और अन्ना के सफल होने का यह एक बहुत बड़ा कारण था। विपक्ष के दुर्भाग्य से उसके सामने ऐसा कोई नेता नहीं है। देश के सौभाग्य से वर्तमान सरकार का नेतृत्व ईमानदारी की मिसाल है। उसकी लोकप्रियता और विश्वसनीयता कम होने के बजाय बढ़ी ही है। मोदी से पहले केवल नेहरू ही ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो सत्ता में आने के बाद भी विश्वसनीय और लोकप्रिय बने रहे। कहावत है कि अच्छी अर्थनीति खराब राजनीति होती है और अच्छी राजनीति खराब अर्थनीति। मतलब यह कि दोनों को एक साथ नहीं साध सकते, पर ऐसा लगता है कि मोदी श्एकै साधे सब सधें, सब साधे सब जाए्य, की नीति में विश्वास करते हैं। पिछले करीब पौने सात सालों ने यह दिखाया है कि अर्थनीति हो या राजनीति, फैसले अच्छी नीयत से किए जाएं तो नतीजा अच्छा ही निकलता है। जब-जब संकट की घड़ी आई, मोदी ने देश के लोगों पर भरोसा किया और देशवासियों ने मोदी पर। नेता और जनता के इस परस्पर भरोसे की तुलना कुछ हद तक जवाहरलाल नेहरू के समय से की जा सकती है। जब कांग्रेस के लोग मानकर चलते थे कि नेहरू जो कहेंगे, देश उसी को सच मानेगा। लोग मानकर बैठे हैं कि दर्द कितना भी बड़ा हो, उसकी दवा मोदी के पास है। लगभग चार दशक से मैं भारतीय राजनीति को करीब से देख रहा हूं। मुझे याद नहीं कि कभी विपक्ष इतना निस्तेज और साख विहीन रहा हो। यह स्थिति जनतंत्र के लिए अच्छी नहीं है, लेकिन वास्तविकता को नजरअंदाज तो नहीं किया जा सकता। किसी भी सरकार के खिलाफ मुद्दा हो तो विपक्ष की ताकत बढ़ती है, पर यह भी सही है कि मुद्दे केवल अवसर देते हैं। अवसर का लाभ उठाने के लिए विश्वसनीयता जरूरी होती है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कविता का उद्धरण दिया। इसका अर्थ था कि चिडियों को पौ फटने से पहले ही रोशनी का आभास हो जाता है और वे चहचहाने लगती हैं। कोरोना महामारी से देश जिस तरह निपटा, चीन को सीमा पर जिस तरह का जवाब दिया गया, वैक्सीन के विकास और टीकाकरण में जिस तरह की शुरुआत हुई और अब बजट के जरिये आथिक मोर्चे पर जिस तरह की पहल हुई, वह नए भारत के अभ्युदय का संकेत है। मोदी ने न केवल इस संकेत को पहचान लिया है, बल्कि इसकी पूरी तैयारी भी कर ली है। आने वाला समय भारत का है और उसके स्वागत की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह बात तमाम दुनिया को नजर आ रही है। कुछ लोगों को यह बात समझ में नहीं आ रही, क्योंकि उनकी निंदा हीनभावना से उत्पन्न हुई है। जब आप कर्म के मामले में कमजोर होने लगते हैं तो निंदा आपके स्वभाव का स्थायी भाव बन जाती है। हरिशंकर परसाई ने लिखा है कि ईर्ष्या-द्वेष से प्रेरित निंदा करने वाले को कोई दंड देने की जरूरत नहीं है। निंदक बेचारा स्वयं दंडित होता है। आप चौन से सोइए और वह जलन के मारे सो नहीं पाता। निरंतर अच्छा काम करते जाने से उसका दंड भी सख्त होता जाता है। हम और आप ऐसा होते हुए देख रहे हैं।

बैंको की मनमानी पर आरबीआई का डण्डा

- प्रेम शर्मा

भारत में बैंको की मनमानी लम्बे अरसे से जारी है। नोटबंदी काल की बॉत करे या फिर विलय के बाद बैंको की संचालन प्रक्रिया पर चर्चा करे आम ग्राहक बैंको की कार्यप्रणाली से परेशान और चितिंत है। बैंको की बढ़ती शिकायत देखते हुए एक बार फिर भारतीय रिजर्व बैंक ने नई गाइडलाइन जारी की है। निश्चत तौर पर देखा जाए तो नोटबंदी के समय आम और खास आदमी में फर्क देखने को मिला, काफी मोटा धन प्रबंधकों के माध्यम से बदला भी गया। अब जबकि बैंकों में विलय हुआ तो और भी मनमानी सामने आने लगी है। कही एटीएम बंद पड़े है तो कही पास बुकों में एन्ट्री नही हो रही, कही नए एटीएम कार्ड काम नही कर रहे तो कही बैंक कार्मिक ग्राहकों की सुन नही रहे। बैंको में बढ़ती शिकायतों से परेशान रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ने भी नयी गाइडलाइन जारी कर बैंकों की जबाबदेही तय की है। ग्राहकों की शिकायतों के जल्द निबटारे के लिए बैंकों को पहले भी आरबीआई कई बार दिशा निर्देश जारी कर चुका है लेकिन मोटी पगार पाने वाले बैंक के कर्ताधर्ता में कोई सुधार नही आ रहा था। माना जा रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा बैंकों के विलय का कदम इसी मनमानी को रोकने के तहत किया गया था। लेकिन अब फिर आरबीआई ने बैंकों को ग्राहक की ओर से मिलने वाली शिकायतों का निपटारा तय समय सीमा के अन्दर करना होगा। ऐसा न करने पर शिकायतों पर आने वाला खर्चा सम्बंधित बैक से वसूला जाएगा। बैंक से खर्च की वसूली सामन साइज क बैंकों की तुलना में ज्यादा शिकायतें होने पर लागू होगी और इसका आधार बैकिंग ओम्बुड्स मैन होगा। केवल उन्ही मामलों में खर्च वसूला जाये जो सुनवाई के लायक होगें। आरबीआई ने सके लिजए तीन पैमाने निर्धारित किये है। अगर किसी भी एक पैमाने में अधिकाधिक शिकायते मिलती है तो तीस प्रतिशत, दो पर 60 और तीन पर सौ प्रतिशत वसूली की जाएगी। शिकायतों के निपटारी के साथ बैंक के ग्राहक सेवा समिति के कामकाज की भी समीक्षा की जाएगी। इन सभी समीक्षाओं के बाद आरबीआई सम्बंधित बैंकों को एक्शन प्लान बनाकर देगा जिसे बैंकों को समय सीमा पर लागू करना होगा। ऐसा न करने पर बैंकों के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई की जाएगी। बैंकों को अपनी सालाना रिपोर्ट में शिकायतों को लेकर प्रकटीकरण भी करना होगा। आपाकों याद होगा कि जिस आपातकाल के विरोध में पिछली सदी के आठवें दशक में देशव्यापी विरोध का ज्वार उठा था, उसमें कुछ अच्छी बातें भी हुई थीं। यह अलग बात है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रीति-नीति के खिलाफएकजुट प्रतिपक्ष ने नकारात्मक तिलों को ताड़ बनाकर लोकमत को अपनी तरफ मोड़ने में ऐतिहासिक सफलता पा ली थी, लेकिन यह आपातकाल ही था, जिसमें रेलगाड़ियां समय से चलने लगी थीं और सरकारी दफ्तरों में बाबू अपनी कुर्सियों पर विराजमान दिखते थे। उस दौर में सरकार ने कुछ नारे (सूत्र वाक्य) गढ़े थे। इनमें से एक था-देरी से असंतोष बढ़ता है। लगभग चार दशक के दौरान राजनीति और समाज में बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन देरी से असंतोष का सच नहीं बदला है, बल्कि इसका विस्तार ही हुआ है। देरी से असंतोष ही नहीं, भ्रष्टाचार भी बढ़ता है। इसी आशाय पर बिहार में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान नीतिश सरकार ने बिहार सरकार ने 16 प्रकार की जरूरी सरकारी सेवाओं को समयबद्ध करने के लिए ही अनिवार्य सेवा कानून को लागू किया था। उस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि बैंकिंग सेवा को भी इस तरह के दायरे में लाने की जरूरत है। उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष (2012-13) की पहली राच्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) की बैठक में बड़े प्रभावशाली ढंग से आम लोगों के असंतोष को वाणी दी। मुख्यमंत्री का कहना था कि बैंक संबंधी सेवाओं के लिए भी समय सीमा तय होना जरूरी है। बैंकों के लिए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि वे बतायें कि कौन सी सेवा कितनी अवधि में मिलेगी और नहीं मिलेगी तो क्यों? जिस तरह केंद्र ने सिटीजन चार्टर की व्यवस्था की है और बिहार में लोक सेवा का अधिकार कानून लागू है, उसी तरह से। यह विचार उन लोगों को सुकून देने वाला है, जो मामूली और वाजिब कर्ज पाने के लिए बैंक के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके हैं। एक तरफ बैंक कार लोन, होम लोन जैसे कर्ज कम समय में और न्यूनतम किस्तों पर (ईएमआई) देने के लिए लुभावने इश्तहार देते हैं, दूसरी तरफउच्च शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्र में कर्ज देने में कोताही बरते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का वितरण नहीं हो पाता। इसके लिए प्रशासन की पहल से जो शिविर लगते हैं, उनके प्रति बैंक अधिकारियों की ऐसी उदासीनता सामने आती है कि शिविर अपने मकसद पूरे नहीं कर पाते। अब ग्राहकों की शिकायत की अनदेखी करना बैंकों को भारी पड़ने वाला है। बैंक ग्राहकों की ओर से बढ़ती शिकायतों को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नई गाइडलाइंस जारी किया है। इसके तहत बैंकों को ग्राहकों की ओर से मिली शिकायत का निपटारा तय समयसीमा के अंदर करना होगा। ऐसा नहीं करने पर बैंक से शिकायतों का निपटारा करने में जो भी खर्च आएगा वो वसूला जाएगा।हालांकि, ग्राहकों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। ग्राहकों से शिकायत की सुनवाई पर पहले की ही तरह कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। आरबीआई ने हाल के दिनों में तेजी से बढ़ती शिकायतों को देखते हुए बैंकों को अपना शिकायत निवारण तंत्र को समयबद्ध तरीके से सुधारने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर बैंकों के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि एक सख्त शिकायत निवारण तंत्र बैंकिंग कारोबार का हिस्सा है। इससे बैंक मुंह नहीं मोड़ सकते हैं। यही नही आरबीआई के मुताबिक एटीएम, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग, मिस सेलिंग, रिकवरी एजेंट, लोन और एडवांस, बिना नोटिस चार्ज, चेक, ड्राफ्ट, स्टाफ का व्यवहार आदि मामलों के शिकायतों पर नई गाइडलाइंस जारी होगी। ऐसे में एक बार फिर ऐसा माना जा सकता है कि आरबीआई की नई गाइड लाइन आने के बाद शायद भारतीय बैंकों की कार्यप्रणाली में कुछ सुधार दिखाई पड़े,बहरहाल अगर इस गाइड लाइन के आने के बाद भी अगर भारतीय बैंकिंग व्यवस्था का यही हाल रहा तो निश्चित मानिए कि अगर का अगला कदम शायद फिर बैंको का विलय कर इसकी संख्या को आधा कर देगा।

आज का राशि फल

मेषः- ईरीय आस्था में वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। महत्वाकांक्षाओं को फलित करने में असमर्थता संभव। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

बृषभः- उच्च महत्वाकांक्षा ऊंची प्रगति के लिए प्रेरित करेगी। किसी नई योजना पर विचारमग्न होंगे। दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु प्रयत्नशील हों। आलस्य का त्याग करें।

मिथुनः- राजनीति से जुड़े लोगों के लिए लाभकारी स्थिति बनेजी। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। असमाजिक तत्वों से दूरी बनायें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

कर्क :- सगे-संबंधों में अपने नैतिक कर्त्तव्यों से विमुख न हों। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव।

सिंहः- आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा। नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा खुद के अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं। रोजगार में स्वयं की क्षमता का एहसास होगा।

कन्याः- निराशावादी विचारों का त्याग करें। परिजनों की छोटी-छोटी बातों का बुरा न मानें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहे।

तुलाः- सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। अच्छे आचार-विचार से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। अपने स्वास्य का पूरा ख्याल करें। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

वृश्चिकः- कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। मधुरवाणी से संबंधों को प्रगाढ़ध बनाएंगे। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

धनुः- महत्वपूर्ण दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। घर में किसी पुराने संबंधी का आगमन हो सकता है।

मकरः- निकट संबंधों में कुछ अप्रिय बाते दूरी पैदा करेंगी। भौतिक आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। मूल्यवान समय को व्यर्थ में जाया न होने दें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करने का प्रयत्न करें।

कुंभ :- पूरा दिन अध्यात्मिक व पारंपरिक कायरे में व्यतीत होगा। किसी इच्छित कार्य की पूर्ति से प्रसन्नता संभव। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। आवश्यकतानुसार भौतिकता को अपनाएं।

मीन :- कायरे के अत्याधिक बोझ से मन बोझिल होगा। जीवनसाथी के भावनात्मक सहयोग उत्साह का संचार होगा। शासन-सत्ता व राजकीय क्षेत्र के लोगों की क्रियाशीलता बढ़ेगी।

मरीजों को छोड़ विधायक से मिलने पहुंचे सीएचसी प्रभारी

शुक्लागंज-उन्नाव ।

सहजनी के निर्मलनगर में आम आदमी पार्टी के विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने गतदिवस दिल्ली जानकीपुरी विधानसभा से विधायक राजेश ऋषि आए थे। जहां पर न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज के प्रभारी डॉ0 आशुतोष वार्ष्णेय व वरिष्ठ स्वास्थ्य पर्यवेक्षक प्रदीप दिवाकर ने पहुंचकर भेंट की। सूत्रों की अगर मानें तो आप विधायक राजेश ऋषि के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने व उन्हें बधाई देने पहुंचे थे। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड-19 की जांच तथा अन्य बीमारियों से संबंधित पहुंचे मरीजों को रुकना पड़ा।

आखिर ऐसी भी क्या वजह थी कि मरीजों को अस्पताल में ही छोड़कर राजनीतिक कार्यक्रम में शरीक होने के लिए प्रभारी डॉक्टर व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को विवश होना पड़ा।

क्या बोले सीएमओ...

जब उक्त विषय पर सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा मामला संज्ञान में है। यह एक बड़ी लापरवाही है। मरीजों की सेवा हमारा पहला धर्म है। सीएचसी प्रभारी की इस लापरवाही की जांच कराई जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की

गैंगलीडर शिवकुमार को पांच साल की सजा

उन्नाव। थाना गंगाघाट में कई सालों से समाज विरोधी क्रियाकलाप में लिप्त व गिरोह बनाकर अपराध करके समाज में भय व्याप्त करने वाले गैंगलीडर ग्राम कोलुवा थाना सफीपुर निवासी आरोपी गैंगलीडर शिवकुमार पुत्र भगवानदीन को अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-5/ विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट आलोक शर्मा ने 5 साल की सजा सुनाई व 5000 रुपये अर्थ दंड भी दिया। अर्थदंड न अदा करने पर 3 माह की अतिरिक्त कारावास सजा बितानी होगी। आरोपी गैंगलीडर शिवकुमार के ऊपर कई मुकदमे जनपद में थाना गंगाघाट में दर्ज हुए थे। वादी तत्कालीन थानाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने गैंगस्टर का मुकदमा लिखवाया था।

आरोपी गैंगलीडर शिवकुमार अपने पूरे गिरोह के साथ गंगाघाट थाना इलाके में समाज विरोधी क्रिया कलाप में शामिल था। आज आरोपी की ओर से व अभियोजन की ओर से बहस के बाद अपर जिला जज आलोक शर्मा ने सजा सुनाई। सजा सुनाने के बाद आरोपी गैंगलीडर शिवकुमार को जिला कारागार भेज दिया गया। अभियोजन व राज्य सरकार की ओर पैरवी व बहस विशेष लोक अभियोजक हरीश अवस्थी ने की।

जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट के युवा-मंच की बैठक

विश्वविजेता टाइम्स

प्रतापगढ़। जनपद के लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के साहबगंज में प्रतापगढ़ की अग्रणी समाजसेवी संस्था जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट के युवा-मंच की बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता युवा-मंच के संयोजक श्री नीरज अग्रहरि ने की। युवा-मंच की इस बैठक का संयोजन स्थानीय श्री विनय मिश्र ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में साहबगंज तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने भाग लिया।सर्वप्रथम बैठक में बैठक के आयोजक श्री सौरभ पाण्डेय ने बैठक में आये सभी युवाओं का स्वागत किया। तथा उपस्थित सभी युवाओं का परस्पर परिचय कराया गया। प्रारंभिक औपचारिकताओं के पश्चात बैठक की अध्यक्षता कर रहे युवा-मंच के संयोजक श्री नीरज अग्रहरि ने अपने संबोधन में युवा-मंच के गठन के उद्देश्य, कार्य-प्रणाली, तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला तथा सभी से युवा-मंच से जुड़ने की अपील की। युवा-मंच के इस बैठक को सर्वश्री विनय मिश्र, अतुल दुबे, आकाश द्विवेदी, लवलेश वर्मा, संदीप पाल, दिव्यांशू श्रीवास्तव, आशीष रावत, नीरज बेतवाला, हितेश पाण्डेय, प्रशांत मोदनवाल, सचिन पाल, तुफैल अहमद, लवकुश वर्मा, विपिन विश्वकर्मा, प्रवेश दुबे, शुभम तिवारी, आदर्श पाण्डेय, शुभांग पाण्डेय, साहिल खान व निखिल पाण्डेय आदि ने संबोधित किया। सभी ने जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट के युवा-मंच के गठन का स्वागत किया तथा संयोजक श्री नीरज अग्रहरि को अपना पूरा सहयोग व समर्थन देने का विश्वास दिलाया।

महासंघ से सम्बद्ध संगठनों के कर्मचारियों को 08 फरवरी को एक दिन का विशेष

आकस्किम अवकाश

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी शत्रोहन वैश्य ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय पदाधिकारियों की देखरेख में जनपद प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 08 फरवरी को क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान अफीम कोठी के सभागार में सम्पन्न होना है। इस एक दिवसीय अधिवेशनध्शपथ ग्रहण समारोह महासंघ से सम्बद्ध संगठनों के जो कर्मचारी इच्छुक हो उनसे प्रतिभाग प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुये एक दिन का विशेष अवकाश स्वीकृत करने हेतु जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। इस अधिवेशनध्शपथग्रहण समारोह में प्रतिभाग करने हेतु उन्हें कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

खबरें एक नजर में

किशोर हुआ गायब

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के बारौ गांव निवासी प्रेमनाथ सरोज का बेटा देवा 16 वर्ष बीते 26 जनवरी को घर से कोचिंग के लिए कहकर बाघराय निकला तब है आज तक घर नहीं लौटापरिजनों ने काफी ढूंढा किंतु कोई पता नहीं चल सका गायब देवा रामस्वरूप भारती इंटर कॉलेज सुंदरगंज में कक्षा 10 का छात्र है देवा के गायब होने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल देवा के पिता प्रेमनाथ सरोज ने थाना बाघराय में तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है

बाइक साइकिल टक्कर में युवक की मौत होने पर बाइक चालक के विरुद्ध दर्ज हुई रिपोर्ट

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के शकरदहा गांव के युवक जितेंद्र साइकिल से घर लौट रहा था रास्ते में बाइक सवार निवासी लव कुश ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे 3 फरवरी की रात्रि में ही मौके पर ही जितेंद्र की मौत हो गई थी आज मृतक जितेंद्र के पिता दयाराम की तहरीर पर बाघराय पुलिस ने बाइक चालक लव कुश पुत्र रामचंद्र निवासी मकुनी पुर शकरदहा के विरुद्ध धारा 279, 337, 332, 304, के तहत मुकदमा पंजीकृत कर के जांच शुरू कर दी है।

छप्पर मे गुजारा, प्रधानमंत्री आवास का नही मिला सहारा, अधिकारियों से फरियाद के बाद भी जांच को नही पहुचे जिम्मेदार

प्रतापगढ़। देश में गरीबो के पास भी उनकी अपनी छत हो, इस मकसद से केन्द्र सरकार एंव राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का संकल्प लिया ।गरीब लाभार्थियों को घर की सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रशासन स्तर पर बजट भेजा गया ताकि पात्रता के आधार पर लोगो को आवास का इंतजाम किया जा सके लेकिन भ्रष्टाचार के चलते योजना पूर्ण रूप से सफल नही हो पा रही है ।कुछ ऐसा ही मामला है उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के लक्ष्मणपुर विकास खंड के ग्राम सभा सगरासुन्दरपुर का, जहां के गोविन्दापुर बस्ती की रहने वाली माधुरी देवी पत्नी दीपक कुमार गौतम ने बताया कि वह लगातार ब्लाक एवं प्रधान के चक्कर लगा रही है शासन प्रशासन के समक्ष कई बार प्रार्थना पत्र दिया किन्तु प्रधानमन्त्री योजना का लाभ नही मिल सका । जानकारी के मुताबिक दीपक गौतम दो दिन पूर्व लक्ष्मणपुर ब्लाक मे प्रार्थना पत्र लेकर गया था किन्तु आरोप है कि वहां मौजूद अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र लेने से इंकार कर दिया। हैरान होंने वाली बात यह है कि पीडिता से पांच बार से अधिक बैंक पासबुक आधार कार्ड का विवरण लिया गया किन्तु प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से आजतक वंचित है । माधुरी ने बताया कि उसे शौचालय योजना का लाभ नही मिल सका है ।

लुटेरों ने ग्रामीण से मोबाइल सेट छीना

बांगरमऊ-उन्नाव। नगर के बिल्हौर बाईपास पर अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने बात कर रहे एक ग्रामीण का मोबाइल सेट झपट्टा मारकर छीन लिया। लुटेरे मोबाइल सेट छीनकर तेज गति से भाग खड़े हुए। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरनपुरवा निवासी कमलेश पुत्र सूबेदार साइकिल से बांगरमऊ की बाजार आ रहा था। रास्ते में बिल्हौर बाईपास पर बोधेश्वर मंदिर के निकट उसके मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। कमलेश ने साइकिल रोकी और सड़क के किनारे खड़े होकर बात करने लगा तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर कमलेश के हाथ से फोन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर भल्लाफार्म के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे उपचार के लिए नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर भल्ला फार्म के पास लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप लोडर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सुनील 25 पुत्र देवीदीन निवासी नोखेलालखेड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 नंबर एंबुलेंस ने उसे उपचार के लिए नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

उर्वरक विक्रेता एक सप्ताह में सुनिश्चित करें कैशलेस भुगतान की प्रक्रिया: डीएम

उन्नाव। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, समस्त जिला प्रतिनिधि, उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनी तथा समस्त थोक उर्वरक विक्रेता को निर्देशित किया है कि समस्त फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के बिक्री केन्द्रों पर कैशलेस/ डिजिटल भुगतान प्रणाली हेतु क्यू आर कोड की उपलब्धता एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित की जाये। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया है कि ऐसे सभी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं जिनके यहां क्यूआर कोड उपलब्ध नहीं है, से तत्काल सम्पर्क कर तीन दिन के अन्दर क्यूआर कोड जनरेट कराकर उसकी सूची जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करायें। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें। यदि किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होगें।

जय बाबा बेलखरनाथ धाम मौलानी क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

प्रतापगढ़।

प्रतापगढ़ जनपद के शीतलागंज स्थित कालूराम इंटर कॉलेज के बगल मैदान में जय बाबा बेलखरनाथ धाम मौलानी क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया था जिसका समापन रविवार को हुआद्य जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया । इस टूर्नामेंट का आयोजन राजेश पांडेय बब्लू, प्रतीक पांडेय छोटू,व नीरज पांडेय किया गया द्य यह क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतिवर्ष कालूराम इंटर कॉलेज शीतला गंज के बगल स्थित मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम कोहंडौर व उपविजेता टीम बिबिया करनपुर को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जिला सचिव विकास पांडे ,विश्व दीपक मिश्रा अध्यक्ष ब्लॉक बाबा बेलखरनाथ धाम, विनय तिवारी उपसचिव, शिवम तिवारी सचिव, विपिन तिवारी उपाध्यक्ष, अल्ताफ हुसैन महासचिव , मयंक श्रीवास्तव सचिव ब्लॉक आसपुर देवसरा, राहुल दूबे महासचिव वि0स0 पट्टी, शैलेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी ब्लॉक मंगरौरा समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ बाबा बेलखरनाथ धाम के मीडिया प्रभारी आशुतोष तिवारी ने दीं।

अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ने प्रमुख को भेंट की स्वलिखित पुस्तक 'आरंभ'

उन्नाव ।

उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री मोहसिन रजा का नवाबगंज में अपने आवास पर ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने स्वागत किया।

जिसके बाद अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री मोहसिन रजा ने ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह के आवास में जाकर शिष्टाचार मुलाकात की और अपनी लिखित पुस्तक आरंभ ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह को भेंट किया। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने नवाबगंज ब्लॉक के विकास कार्यों पर आधारित कैलेंडर अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री मोहसिन रजा को भेंटकर उनका घर पर स्वागत एवं शिष्टाचार भेंटकर विकास कार्यों पर चर्चा की।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी पूर्व मंडल अध्यक्ष निलेश दीक्षित एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जगतपाल पूर्व दिल्ली पुलिस के अधिकारी राजीव चौधरी भी मौजूद रहे।

आग से परचून का सामान स्वाहा

बांगरमऊ-उन्नाव। किराना विक्रेता को दुकान में भूलवश जलती मोमबत्ती छोड़ना महंगा पड़ गया। मोमबत्ती से लगी आग से दुकान में रखा करीब 40 हजार कीमत का परचून का सामान जलकर राख हो गया। नगर के मोहल्ला कटरा निवासी रमेश पुत्र बुधई नानामऊ मार्ग पर किराने की दुकान रखे हुए है। बीते शुक्रवार की शाम रमेश अपनी दुकान बंद करते समय जलती हुई मोमबत्ती अंदर ही भूल गया और अपने घर चला गया। पड़ोसियों ने देरात दुकान से धुआं उठता देखा। तब पड़ोसियों ने दुकान मालिक को सूचना दी। उसने पड़ोसियों की मदद से पानी फेंककर किसी तरह आग बुझाई लेकिन तब तक दुकान में रखा 40 हजार रुपए कीमत का हल्दी, मिर्च, गरम मसाला, बीड़ी व सिगरेट

बच्चों को मिलेगी शिक्षा, बढेगी विधालयों की संख्या

कानपुर नगर। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार शिक्षा को उच्च स्तर पर लाने के लिए जोर दिया गया है। आनिवार्य बाल शिखा अधिकार के अंतर्गत बाल शिक्षा पर सर्वाधिक होने पर जोर देते हुए अब हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचे इसके लिए परिषदीय विधालयों की संख्या में बढोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है।

शिक्षा सभी का अधिकारी है और ऐसे में जब पढेगा इंडिया तभी बढेगा इंडिया श्लोगन को चितार्थ करने की आवश्यकता है। अनिवार्य बाल शिखा का अधिकार कानून के तहत बाल शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, इसके लिए यह निर्णय लिया गया है कि आरटीई के मानकों में प्राथमिक विधालय तथा तीन किलोमीटर के क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विधालय अनविार्य रूप से होना चाहिऐ और इसके लिए शिक्षा निदेशक डा0 सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ऐसी बस्तियों में विधालय स्थापित किए जाये जहां एक से पांच कक्षा तक के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। ऐसी बस्तियां जहां विधालय न हो साथ ही कहा कि बस्ती की आबादी 300 होनी चाहिये। कक्षा 6 से 8 तक के स्कूल के लिए मानक दूरी तीन किमी है साथ ही अन्य मानको को देखते हुए विधालयों का निर्माण कराया जाये।

ग्राम पंचायतो में बनाये जायंगे खेल के मैदान व पार्क

कानपुर नगर,

ग्राम पंचायतों की जमीनों पर अब खेल के मैदान तथा पार्को का निर्माण किया जायेगा, इसके लिए जिला पंचायतराज अधिकारी कमल किशोर द्वारा जानकारी दी गयी है। पहले चरण में उन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है जिनके खातों में 20 लाख से ज्यादा की धनराशि पडी हुई है। जिला पंचायतराज अधिकारी कमल किशोर के अनुसार शारीरिक विकास को बढावा देने के लिए ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान बनाये जायेगे। ऐसे में जिन ग्राम पंचायतों के खातों में बीस लाख से ज्यादा की रकम पडी हुई है उनका पहले चरण के लिए चयन किया गया है। साथ ही लगभग 8.40 लाख रूपऐ की लागत से 2400 स्क्वायर मीटर के क्षेत्रफल में हरियाली वाले पार्को का निर्माण कराया जायेगा वहीं आठ लाइख की लागत से 1200 स्क्वायर मीटर के क्षेत्रफल में छोटी पार्क को बनाया जायेगा। बताया गया कि इन पार्को में लोगों के लिए एक्सरसाइज की मशीने भी लगाई जायेगी साथ ही अन्य सुविधाओं को भी मुहैया कराया जायेगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन तथा आंगनबाडी केंद्र का काम रूक हुआ है उनको भी प्राथमिकता के साथ पूरा कराया गया है तथा ग्राम पंचायतों में बरातशाला भी बनवाये जायेंगे।

निर्धन व निर्बल वर्ग की महिलाओं को कम्बल वितरण

कानपुर नगर, बाकरगंज स्थित सुभाष विकास मण्डल सामुदायिक केंद्र में रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में निर्धन तथा निर्बल वर्ग की महिलाओ व पुरूषों के लिए शाल-लोई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की गरीब महिलाओं तथा जरूरतमंदो को शॉल बांटे गये साथ ही चाय और बिस्किट का भी प्रबन्ध किया गया। इस दोरान कोषाध्क्ष डा0 अंगद सिंह ने कहा कि हम अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन कर रहे है और सभी को इस प्रकार के कामों के लिए आगे आकर समाज की मदद करनी चाहिये। समारोह में रेडक्रास सोसायटी के कोषाध्यक्ष डा0 अंगद दिस, सचिव आरके सफ्फ्ड, शैलेन्द्र त्रिपाठी, पार्षद अशोक पाल द्वारा 72 महिलाओ व पुरूषों को शाल व लोई वितरित किये गये। इस दौरान ओमप्रकाश आर्य, रमाशंकर गुप्ता, सुमेश प्रकाश श्रीवास्तव, विनाश पाल आदि उपस्थित रहे।

विदाई समारोह सम्पन्न

प्रतापगढ़।

समन्वय सेवा संस्थान , ईकाई प्रतापगढ़ द्वारा कठिन चीवर पूजन एवं विदाई समारोह का आयोजन सुगतानन्द बुद्ध विहार में किया गया । आयोजन का शुभारम्भ पूज्य भंते द्वारा उपासक उपासिकाओं को त्रिसरण , पंचशील प्रदान कर किया गया । वर्चुवल मीटिंग द्वारा संस्थान के अध्यक्ष कल्याणमिन रामेश चन्द्रा जी द्वारा कठिन चीवर के बारे में विस्तार से बताया गया । संस्थान की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर दिनेश कुमार द्वारा प्रकाश डाला गया । संजय कुमार द्वारा कठिन चीवर के प्रतापगढ़ आगमन के पश्चात की गतिविधियों एवं प्रभाव पर प्रकाश डाला प्रेस विज्ञप्ति गया । उपासिका दीपशिखा , कविता गौतम , सविता गौतम , दिनेश सरोज द्वारा धम्म गीतों की प्रस्तुति की गई । उक्त कठिन चीवर को समन्वय सेवा संस्थान के उपासक ध् उपासिकाओं द्वारा आगामी 27 फरवरी को कुशीनगर में भगवान बुद्ध की महापरिर्वाण मुद्रा पर अर्पित किया जायेगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता लीलावती द्वारा की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झांसी से पधारे उपासक अरूण कुमार द्वारा सम्यक दृष्टि एवं घनश्याम दास द्वारा धम्म का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला गया । सुभाष चन्द्र द्वारा विपस्सना विद्या पर प्रकाश डाला गया । डॉ व दयाराम मौर्य को उ व प्र व हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा बाल साहित्य पुरस्कार प्रदान किये जाने पर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन राकेश कनौजिया द्वारा किया गया । उपासक ध् उपासिकाओं का आभार वेद प्रकाश सरोज द्वारा व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में उपासक ध् उपासिकागण शोभा कनौजिया , वेद प्रकाश सरोज , संगीता सरोज , सुनीता , उमेश चन्द्र निर्मल , सुरेन्द्र विमल , सी 0 पी 0 राव , अर्जुन प्रसाद , लालमणि , सुशील कुमार , मधुर कुमार , सुशीला कश्यप , सुनीता कनौजिया , राहुल देव रोशनलाल उमरवैश्य , धर्मराज मौर्य , विनोद सरोज , अशोक सरोज महेश मणि संजय कुमार , अवधेश कुमार कुस्तुम आदि कार्यक्रम में श्रद्धालु उपासक एवं विशेषकर उपासिकाओं ने भारी संख्या में पहुंचकर अपनी सहभागिता दी ।

यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने विजेता टीम को दिया शील्ड

प्रतापगढ़।

यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापगढ़ सदर विधानसभा डॉ नीरज त्रिपाठी रेलवे चौलेंजर ट्रॉफी 2021 कैनवस बाल रात्रिकालीन टूर्नामेंट पुराना माल गोदाम प्रतापगढ़ के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष गल्ली तिवारी जी एवं संजीव शुक्ला जी मो सम्मी जी सम्मिलित हुए इस टूर्नामेंट में स्पोर्ट्स चौंपियन टीम विजेता घोषित की गई तथा शादी मुबारक टीम उपविजेता रही स्पोर्ट्स चौंपियन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुना शादी मुबारक के ओपनर बल्लेबाज आमिर पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 ओवर में 10 रन बनाकर टीम को मजबूती प्रदान की टीम के बल्लेबाज राहुल ने 7 रन बनाया इस प्रकार पूरी टीम मात्र 25 रन बनाकर ऑल आउट हो गए जिसमें रियाज के गेंदबाजी उल्लेखनीय रही है 3 मेडन ओवर के साथ 4 विकेट लेकर केवल 9 रन ही दिया स्पोर्ट्स चौंपियन मात्र 5 ओवर में ही 26 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त किया मैच में स्पोर्ट्स चौंपियन के रियाज को मैन ऑफद मैच शादी मुबारक के अयाज अहमद को मैन ऑफद सीरीज घोषित किया गया डॉ त्रिपाठी ने विजेता व उपविजेता टीम के कैप्टन को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मान प्रदान किया मैच के कमेंटेटर रजत गुप्ता एवं छितिज पांडे जी वअअंपायर सूरज मिश्र रंजन सिंह एवं सल्लू भैया के निष्पक्ष कार्य से सभी प्रभावित रहे मैच के आयोजन में प्रमुख रूप से पवन सोनी जी डॉ प्रशांत देव शुक्ल जी छितिज पांडे जी शुभम सिंह जी अंकित सिंह जी राजेश सिंह जी मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी आशु जायसवाल मुन्नू सिंह सलमान अहमद हुसैन मोहम्मद इमरान अमित यादव आदि की सराहनीय भूमिका रहीमैच की समाप्ति के उपरांत उपस्थित खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए डॉ त्रिपाठी ने कहा कि खेल की भावना सभी नौजवानों में होने चाहिए जिससे आपसी भाई चारा बढ़ता है विजेता टीम को अहंकार नहीं होना चाहिए तथा उप विजेता टीम को निराश नहीं होना चाहिए और दुगनी लगन के साथ मेहनत करनी चाहिए क्यों की हार के बाद ही जीत होती है।

उ0प्र0 लेखा एवं लेख परीक्षा सेवा एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

कानपुर नगर

उधोग निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर के समिति कक्ष में उ0प्र0 लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसासिएशन, उ0प्र0 की जनपद इकाई कानपुर नगर का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ। अधिवेशन कार्यक्रम के दौरान कार्यकारिणी गठन की बैठक भी सम्पन्न हुई। अधिवेशन सभा की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कानपुर नगर के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने की तथा संचालन अनिल कठेरिया ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि उ0प्र0 लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन, उ0प्र0 के प्रान्तीय अध्यक्ष योगेश कुमार मिश्रा तथा संयुक्त मंत्री राजीव कनौजिया उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी गठन में सर्व सम्मति से उपास कानपुर नगर के रज्जन प्रसाद विश्वकर्मा को अध्यक्ष, पवन कमुमार गुप्ता को महामंत्री तथा दिनेश कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम में रज्जन प्रसाद विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, विकास अस्थाना, पवन कुमार गुप्ता, संजय मोटवानी, दिनेश कुमार गुप्ता सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य तथा समस्त सहायक लेखाकार उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक तथा मुद्रक विनीता तोमर द्वारा ए.वी.बी. रेप्रोग्राफिक्स ए-59, तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, सी-5/2, सपना इन्कलेव, सेक्टर 18 वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक विनीता तोमर*
RNI.: UPHIN/1999/01690 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे। मो. 9415349400. email- vvtimes.news@gmail.com

किसानों के चक्का जाम को देखते हुए एक्शन मोड में दिखी पुलिस

कानून व्यवस्था

4 जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए सीओ सिटी और शहर कोतवाल ने पैदल मार्च करके परखी कानून व्यवस्था

रायबरेली ।

किसान नेताओं के चक्का जाम ना करने की आवाहन के बावजूद भी जिले में पुलिस हाई अलर्ट मोड पर दिख रही है। खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा, सिविल लाइन सहित मुख्य चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है । किसान नेता राकेश टिकैत के चक्का जाम के आव्हान के बाद पूरे प्रदेश की पुलिस हाई अलर्ट मोड पर हो गई थी लेकिन चक्का जाम ना करने के आव्हान के बावजूद भी रायबरेली की पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ चौराहों पर डटी रही। शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा, सिविल लाइन, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, पुलिस लाइन आदि सभी चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

> सुरक्षा की दृष्टि यह अभियान चलाया जा रहा है। किसी तरह की कोई अनहोनी घटना ना हो इसलिए हम लोगों की पैनी नजर है। किसानों के चक्का जाम की बात को टालते हुए उन्होंने कहा किसानों ने चक्का जाम का कार्यक्रम कैंसिल कर दिया है।
>
> **सीओ सिटी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी**

शहरी क्षेत्रों में डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी क्षेत्राधिकारीनगर लगातार भ्रमणशील रहे। घूम घूम कर पैनी नजर बनाते हुए चेकिंग करवाते दिखे। शहर के डिग्री कॉलेज चौराहे पर आधा दर्जन से ज्यादा सब इंस्पेक्टर व सैकड़ों पुलिसकर्मियों के साथ शहर कोतवाल अतुल सिंह चेकिंग करते नजर आए।

नगर पंचायत डलमऊ की मेहनत लाई रंग, प्राचीन राजा डल के किले का किया जाएगा जीर्णोद्धार

रायबरेली,

नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गौड़ और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़ की मेहनत रंग लाने लगी है। डलमऊ आदर्श नगर पंचायत में करोड़ों रुपए की योजनाओं को सफल बनाने के बाद अब डलमऊ के ऐतिहासिक धरोहर राजा डल के किले को सुंदरीकरण कराने के लिए शासन ने भी मंजूरी दे दी है।

वैसे तो कई सरकारें आई और गई लेकिन किसी ने भी डलमऊ की ऐतिहासिक नगरी को सुंदर बनाने की नहीं सोची। लेकिन भाजपा सरकार में मौजूदा सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ एवं नवयुवक नगर पंचायत प्रतिनिधि शुभम गौड़ ने अपने कार्यकाल में एक इतिहास रच दिया है। गंगा तट पर स्थित ऐतिहासिक राजा



डल के किले को सुंदरीकरण होने की बात सुनकर लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है, लोगों के दिलों में एक बार फिर विश्वास की डोर जुड़ने लगी है। गंगा घाट पर ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में 19वीं शताब्दी के समय से स्थित राजा डलदेव के जीर्ण-शीर्ण किले का नव निर्माण जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण कराने के लिए आखिरकार पर्यटन विभाग में संतुष्टि दे दी है।

शासन की तरफ से भेजे गए पत्र में प्रमुख सचिव पर्यटन विभाग ने किले का सुंदरीकरण कराने की बात विभाग की तरफ से कही है।

दानवीर ठाकुर सुरेंद्र बहादुर सिंह आशीर्वाद कक्ष का हुआ शिला पूजन

रायबरेली ।

दानवीर ठाकुर सुरेंद्र बहादुर सिंह आशीर्वाद कक्ष का भूमि पूजन सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज रायबरेली में पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पूर्व विधि और न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडे उपाध्यक्ष राम गोपाल त्रिपाठी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमाशंकर वाजपेई, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर गुप्ता, सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिव सागर अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य श्रीमती मधु शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश पाठक व जिला योजना समिति के सदस्य एवम सभासद राघवेंद्र सूर्यवंशी सहित शिला पूजन कार्यक्रम में कई अन्य लोग सम्मिलित हुए।

मनरेगा के तहत सबसे अधिक मानव दिवस अर्जित करने वाली ग्रामसभा बनी बरहुआ

उपलब्धि

4 कोरोना काल से लेकर अब तक महिला प्रधान के द्वारा किए गए कार्य से बही गांव में विकास की धारा

रायबरेली

विकास खण्ड क्षेत्र की छोटी ग्राम सभा बरहुआ ने मनरेगा के तहत सबसे अधिक मानव दिवस अर्जित करने वाली ग्राम सभा बन गयी है।

लॉकडाउन के दौरान भी श्रमिको को अधिक से अधिक कार्य उपलब्ध करा गांव में भुखमरी को फटकने

तक नही दिया। जहां एक एक दिन में 400 - 400 से अधिक मजदूर लगाकर गांव का विकास किया वहीं कोरोना काल में सर्वाधिक ग्रामीणों को रोजगार भी दिया।बताते चलें कि मात्र 1786 की आबादी वाले बरहुआ गांव की महिला ग्राम प्रधान सीता तिवारी व उनके प्रतिनिधि रानू तिवारी ने गांव के विकास के लिए अधिक से अधिक कार्य कराने का प्रयास किया। जिसमें 150 पात्रों को प्रधानमंत्री आवास दिलाना, 400 से अधिक शौचालय, 2 किमी नाली निर्माण, 2 किमी खड़ंजा निर्माण के साथ साथ दर्जनों कच्चे मार्गो को बनवा दिया। इसके अलावा जहां पूरा देश ही नही पूरा विश्व कोविड -19 के प्रकोप से जूझ रहा था और लॉक डाउन में लोगो का काम तक नही मिल रहा था।

उस परिस्थिति में भी इस ग्राम सभा की महिला ग्राम प्रधान सीता तिवारी व उनके प्रतिनिधि रानू तिवारी ने मनरेगा के तहत गांव के अधूरे विकास को पंख लगाने का प्रयास कर रहे थे।

देश का बजट विकास आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता कदमः साध्वी

फतेहपुर। सरकार द्वारा पारित बजट जनहित व सभी वर्गों के लिये लाभकारी है। बजट सत्र के बाद विपक्ष दलों का राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करना दुःखद है। सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति के अनुसार समाज के सभी वर्गों के विकास के लिये संकल्पित है। उक्त बातें जनपद की सांसद व केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पत्रकारो से रुबरु होते हुए कही।

रविवार को कलक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बजट सत्र बाद जनपद दौरे पर आयी केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने बजट पर चर्चा करते हुए इसे जनता के लिये विकास परक योजनाओं वाला एवं लाभदायक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बजट में अपने विभाग की योजनाओं व जनपद के विकास कार्यों का जमकर बखान किया। बजट पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान रुके हुए विकास के पहिये को सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों के लिये स्टार्टअप योजना, मनरेगा के बजट बढ़ाया जाना, महिला के लिये अनेक योजनाएं कार्यस्थलों पर सुरक्षा टी वर्करों व उनके बच्चो के लिये योजनाएं, प्रवासी मजदूरों के लिये एक देश एक राशन कार्ड जैसी योजनाएं शुरू की गई हैं। वही किसानों को सरकार द्वारा सम्मान निधि व उनकी आय को बढ़ाने के लिये लागत से डेढ़ गुना एमएसपी रखी गयी है। माइक्रो ईरीगेशन योजना की बढ़ोत्तरी की गई है। मंडियों को ई-बाजार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही बताया कि देश के 112 जिलों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाओं को शुरू किया जा रहा है। 12 केंद्रीय संस्थानों 15 आपातकालीन केंद्रों 602 जिलों में क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लाकों ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में एकीकृत सार्वजनिक हेल्थ लैब की स्थापना का प्रावधान किया गया है। जनपद में कराए गये विकास कार्यों में मेडिकल कालेज निर्माण के साथ बुन्देलखण्ड की तर्ज पर जनपद में नील नीर योजना के तहत जनपद में 711 ग्राम पंचायत में 443 पानी की निर्मित की जा रही है। योजनाओं के पुरा होने के बाद पीने के पानी की समस्याओं से जनता को निजात मिल सकेगी। साथ ही जनपद के ग्रामीणांचल में सड़क मार्गो को बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश मे युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये बेहतर शिक्षा व आत्मनिर्भर बनाने के लिये स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसान आंदोलन को उन्होने विपक्षी राजनीति करार देते हुए बताया कि किसान सरकार के साथ है। लाल किले की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे विपक्ष की ओछी राजनीति करने व तिरंगे का अपमान बताया। इस मौके पर जनपद प्रभारी मणि प्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, शिव प्रताप, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

रालोद ने कृषि कानून के विरोध में सौंपा ज्ञापन

लखीमपुर ।

शनिवार को बिलोबी मेमोरियल हॉल में राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष सीमाब अहमद व साथ में जिला महासचिव पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रतिनिधि एसडीएम को सौंपा और ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हमारे कृषि प्रधान देश के किसानों ने सदैव देश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया है।

कोरोना जैसी वैश्विक महामारी और लॉकडाउन के फलस्वरूप भी किसानों द्वारा उत्पादन करके अर्थव्यवस्था में अवर्णनीय सहयोग दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा कृषि सम्बन्धी ऐसे कानून पारित किये गये हैं जिनके लागू होने से

किसानों की स्थिति सोचनीय ही नहीं बल्कि दयनीय हो जायेगी। आज देश के किसान अपनी सम्भावित व्यथाओं से आशंकित होकर आन्दोलित है। वे किसान विरोधी कानून 1- कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य संवर्धन और सरलीकरण 2020-21-कृषि सशक्तीकरण एवं सरंक्षण कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार कानून 2020।3-आवश्यक वस्तु संशोधन कानून 2020।4- खीरी जिले में संपूर्णानगर चीनी मिल, खम्भार खेड़ा चीनी मिल आदि चीनी मिलों का बकाया भुगतान तत्काल करें।

ओवरब्रिज पर एआरटीओ ने 50 लोगों का काटा चालान

लखीमपुर खीरी। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने जिला मुख्यालय के ओवर ब्रिज के पास लेन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग एवं ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग करने वाले 50 लोगों का चालान काटा। एआरटीओ ने चालकों को प्लेन ड्राइविंग रॉन्ग साइड ड्राइविंग एवं ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले नुकसान एवं दुर्घटना के संबंध में जानकारी दी।

यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक करते हुए ट्रैफिक नियम के अनुपालन का संकल्प दिलाया। इस दौरान यात्री कर अधिकारी राम कश्यप, यातायात उपनिरीक्षक सूर्यमणि यादव समेत पूरी टीम मौजूद रही।

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के युवा जिलाध्यक्ष बने अतुल

फतेहपुर।

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की मासिक बैठक रानी कालोनी स्थित यादव भवन में आयोजित हुयी। जिसमें जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने जहां नगर अध्यक्षों समेत छात्र सभा के जिलाध्यक्ष की घोषणा की। वहीं महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष बृजेश यादव डब्बू के निर्देशन में युवा जिलाध्यक्ष बनाये गये अतुल यादव समेत सभी पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

महासभा की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुयी। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि युवा प्रदेश अध्यक्ष बृजेश यादव डब्बू के निर्देशानुसार अतुल यादव को युवा जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा उन्होने नगर अध्यक्षों की घोषणा की है। जिसमें फतेहपुर नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी ध्यान सिंह यादव, खागा नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भूप सिंह यादव व बिन्दकी नगर अध्यक्ष पद पर मान सिंह यादव को मनोनीत किया। इसके अलावा छात्र जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी नीरज यादव को देकर समाज को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गयी है। सभी पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

किसान आंदोलन व पंचायत चुनावों के चलते सपा ने आहूत की बैठक

बहराइच

समाजवादी पार्टी द्वारा बैठक में देशभर में किसान आंदोलन की गूंज, प्रस्तावित आसन्न पंचायत चुनाव तथा समाजवादी पार्टी की मिशन 2022 की तैयारी के परिपेक्ष में जनपद की सपा ईकाई की महत्वपूर्ण मासिक बैठक जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में पार्टी के जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज़फर उल्ला खा%बंटी% ने किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चिंतन किया गया तथा आगे की रणनीति बनाई गई। पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सर्वसम्मति से विधानसभा स्तर पर एक दिवसीय पार्टी संगठन समीक्षा व प्रशिक्षण शिविर का तिथिवार कार्यक्रम तय किया गया।

बैठक में मौजूद बड़ी संख्या में पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि आज देश का किसान,मजदूर, बेरोजगार परेशान है केंद्र सरकार हिटलरशाही पर उतारू है, बजट पूंजीपतियों के लिए आया है देश बिक रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र का निदेशक ने किया दौरा

फतेहपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के नए निदेशक प्रसार डॉ0 एके सिंह कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव आए और निरीक्षण किया। दौरे पर आए प्रसार निदेशक का वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 आरके सिंह व सभी वैज्ञानिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस बीच केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 नौशाद आलम ने प्रसार निदेशक को पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया। डॉ सिंह ने वैज्ञानिकों से कहा कि केंद्र को अच्छी तरह से संचालित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। जिससे किसानों के ज्ञान के स्तर को बढ़ावा व समस्या का समाधान सरलता से किया जा सके। निदेशक प्रसार ने वहां पर चल रही योजनाओं परियोजनाओं को जाना और समझा। केन्द्र पर हो रहे कार्यों को देखकर सभी वैज्ञानिकों और कर्मचारियों की प्रशंसा की। निदेशक प्रसार ने हर वैज्ञानिक से उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर भाई-बहन की दर्दनाक मौत

फतेहपुर।

असोथर थाना क्षेत्र के मनावा रोड पर बाइक सवार भाई-बहन एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गये। जिससे दोनों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि भाई-बहन गल्ला लेने पुरबुजुर्ग गांव स्थित सरकारी राशन की दुकान जा रहे थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाकर कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। एसडीएम व सीओ ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के बरेंडा गांव निवासी रामनारायण निषाद का पुत्र देवेन्द्र निषाद अपनी बहन रीना के साथ रविवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे बाइक पर सवार होकर गल्ला लेने के लिए पुरबुजुर्ग गांव स्थित

सरकारी राशन की दुकान जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार भाई-बहन मनावा रोड पर पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे भाई-बहन ट्राली के टायर के नीचे आ गये और दोनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना होते ही आस-पास ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिलते ही खागा, थरियांव व असोथर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण नहीं माने और जाम लगाये रहे। इस पर उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा व पुलिस उपाधीक्ष थरियांव घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। लगभग दो घण्टे मार्ग जाम होने से वाहनों की कतार लग गयी। जाम खुलते ही वाहन सवार गन्तव्य को रवाना हुए। उधर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उधर घटना के बाद से परिवारीजनों के बीच कोहराम मचा रहा। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

जिला पत्रकार एसो0 के 11 वीं बार अध्यक्ष बने अजय भदौरिया

फतेहपुर। जिला पत्रकार एसो0/संघ के दो वार्षिक कार्यकाल की निर्वाचन प्रक्रिया रविवार को सम्पन्न हो गई। चुनाव अधिकारी डा. सुहेल अहमद व चुनाव पर्यवेक्षक करूणा सिंधु चतुर्वेदी ने बताया कि जिले के सबसे बड़ पुराने संगठन का चुनाव हर दो वर्ष में एक बार होता है। उन्होने निर्विरोध रूप से निर्वाचित सभी पदाधिकारियों के नाम की रविवार को निर्धारित समय पर घोषणा की। 11 वीं बार जिले के वरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह भदौरिया की अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हुई।

चुनाव अधिकारी डा. सुहेल अहमद ने बताया कि पूर्व घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत शनिवार को नामांकन पत्रों का दाखिला और जांच की गयी। रविवार को सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र होने के कारण मध्यान्ह साढ़े 12 बजे सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि बीते बीस वर्षों से जिले के पत्रकार अजय सिंह भदौरिया को अपना अध्यक्ष चुनते आये हैं। उन्होने बताया कि वर्ष 1999 सें अब तक बीस वर्ष अध्यक्ष रहने वाले अजय सिंह भदौरिया पर पत्रकारों ने 11 वीं बार फिर विश्वास जताते हुये अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपते हुये पत्रकारों ने खुशी का इजहार किया। इसके अलावा आशीष दीक्षित को तीसरी बार महामंत्री एवं जयकेश पाण्डेय को दूसरी बार कोषाध्यक्ष, अवनीश चौहान को दूसरी बार संयुक्त मंत्री पद पर ताजपोशी की गयी। उन्होने बताया कि इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रेम लाल साहू, उपाध्यक्ष पद विमलेश त्रिवेदी, दिनेश सिंह व मो. शाहिद तथा मंत्री पद पर विश्व दीपक अवस्थी, आदर्श श्रीवास्तव, संगठन मंत्री पद पर मतीनउद्दीन तथा कार्यकारिणी सदस्य पद पर अखिलेश यादव, विक्टर रावर्ट, शोएब व इरशाद को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। श्री सुहेल ने बताया कि तीनो तहसीलों के अध्यक्ष व महामंत्री पद क्रमशः तहसील फतेहपुर से भीम सिंह यादव अध्यक्ष, मोहित शर्मा महामंत्री, खागा तहसील अध्यक्ष धीरेन्द्र बाजपेयी, महामंत्री कुमुद तिवारी तथा बिंदकी तहसील अध्यक्ष श्याम तिवारी व महामंत्री शिव बहादुर सिंह चौहान को चुना गया है। इस मौके पर जिले भर के करीब दो सैकड़ा पत्रकारों ने अध्यक्ष भदौरिया समेत सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत व बधाई देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर, दिनेश चंद्र तिवारी, विवेक मिश्रा, मलय पाण्डेय, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, बबलू सिंह, सोनू लोधी, कमल सिंह, अरमान, निरंजन सिंह, मयंक मिश्रा, मनोज निषाद, लईक अहमद, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, शुभम मिश्रा, मो. शाहिद, राहुल गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

विद्युत कर्मचारी संगठन द्वारा सम्मान समारोह एवं समरसता भोज का आयोजन

बाराबंकी

विधुत कर्मचारी संगठन बाराबंकी के द्वारा घोसियाना, बाराबंकी में विधुत सब -डिविजन कार्यालय बाराबंकी में सम्मान समारोह एवं समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन बिजली मजदूर संघ उ.प्र. के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत तथा अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, विधायक रामनगर शरद अवस्थी, सदस्य विधान परिषद इं अवनीश पटेल रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि हमारी भारतीय

जनता पार्टी की सरकार ने जिला मुख्यालय पर 24 घंटे बिजली, तहसील मुख्यालय पर 20 घंटे बिजली एवं ग्रामीण क्षेत्र में 18 बिजली देने का काम किया है।

यदि कही बिजली से सम्बन्धित कोई फाल्ट होता है तो बिजली विभाग के कर्मचारी चंद घंटो में फाल्ट सही कर देते है अगर कोई ट्रासफार्मर जल जाता है तो 24 घंटे के अन्दर ट्रांसफार्मर बदलने का काम करते है जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में इन कामों में हफ्तों एवं महीनों का समय लग जाता था। प्रदेश में योगी जी की सरकार एवं केंद्र में मोदी जी की सरकार बिजली विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारियों के हितों को ध्यान में ठोस काम कर रही है तथा जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी 24 घंटे बिजली की सप्लाई होने लगेगी।

सपा विधायक ने किया किक्रेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

बाराबंकी ।

खेलों के माध्यम से शारीरिक व मानसिक विकास होता है खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है सभी लोगों को ग्रामीण स्तर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए इससे हमारी ग्रामीण स्तर की प्रतिभा निखर कर आती है।

उक्त विचार आज विकास खण्ड हरख के अन्तर्गत सतरिख कस्बे में आयोजित किक्रेट टूर्नामेन्ट का उद्घाटन करने के पश्चात जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किया।गौरव रावत ने आगे कहा कि आज के समय में खेल का स्तर बढा है खेलों के प्रति हमारे युवाओं की रूची बढ़ी है और इसी ग्रमीण स्तर में खेलकर हमारे युवा राज्य व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर कर अपनी युवा पीढी को आगे करना चाहिए। किक्रेट का खेल हमारे देश में बहुत तेजी के साथ बढ़ा है जिससे हमारे देश की टीम में इन्ही में से लोग चुनकर जाते है।

मेयर्स का करिश्माई दोहरा शतक, विंडीज की जबरदस्त जीत

चट्टोग्राम।

पदार्पण टेस्ट में काइल मेयर्स (नाबाद 210) के करिश्माई दोहरे शतक से वेस्ट इंडीज ने हैरतअंगेज प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश को पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को तीन विकेट से हराकर दो टेस्टों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

वेस्ट इंडीज को इस जीत से आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में 60 अंक हासिल हुए। बंगलादेश ने चौथे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 223 रन पर घोषित कर वेस्ट इंडीज के सामने जीत के लिए 395 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था जिसका पीछा करते हुए विंडीज ने अपने तीन विकेट 59 रन पर खो दिए थे। उस समय बंगलादेश को जीत की उम्मीद दिखाई देने लगी थी। विंडीज ने कल दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट खोकर 110 रन बना लिए थे। विंडीज को मैच के आखिरी दिन जीत के लिए 285 रन की जरूरत थी जबकि बंगलादेश को सात विकेट की जरूरत थी।

इन नाजुक हालात में मेयर्स ने करिश्माई दोहरा शतक जमाया और वेस्ट इंडीज को असंभव लग रही जीत दिला दी। वेस्ट इंडीज ने सात विकेट पर 395 रन बनाकर जीत अपने नाम की। एशिया की जमीन पर लक्ष्य का पीछा करते हुए यह सबसे बड़ी जीत है। मेयर्स ने 310 गेंदों पर 20 चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 210 रन की मैच विजयी पारी खेली जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

मेयर्स ने अपने पदार्पण टेस्ट में शतक बनाने की शानदार उपलब्धि हासिल की और साथ ही चौथी पारी में दोहरा शतक लगाने वाले विंडीज के तीसरे और टेस्ट इतिहास के ओवरआल छठे बल्लेबाज बन गए।अंतिम दिन एनक्रूमाह ब्रोनर ने 15 और काइल मेयर्स ने 37 रन से पारी को आगे बढ़ाया। लक्ष्य काफी दूर था और विंडीज के बल्लेबाजों को टिक कर खेलना था। ऐसी परिस्थितियों में कोई भी टीम ड्रा के लिए खेलती लेकिन मेयर्स के इरादे कुछ और थे। उन्होंने आक्रामक तेवरों के साथ बंगलादेश के गेंदबाजों पर प्रहार कर उन पर दबाव बनाया।

मेयर्स और ब्रोनर ने चौथे विकेट के लिए 216 रन की मैच विजयी साझेदारी की। इस साझेदारी ने विंडीज को जीत के पथ पर डाल दिया। तेजुल इस्लाम ने ब्रोनर को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। विंडीज का चौथा विकेट 275 के स्कोर पर गिरा। ब्रोनर ने 245 गेंदों पर 86 रन में 10 चौके और एक छक्का लगाया। जर्मेन ब्लैकवुड नौ रन बनाकर टीम के 292 के स्कोर पर पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए।

मेयर्स ने जोशुआ डी सिल्वा के साथ छठे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की और विंडीज की जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। इस साझेदारी में सिल्वा का योगदान मात्र 20 रन था। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मेयर्स की बल्लेबाजी कितनी जबरदस्त थी। सिल्वा टीम के 392 के स्कोर पर आउट हुए। उन्होंने 59 गेंदों पर 20 रन में दो चौके लगाए। केमार रोच खाता खोले बिना 394 के स्कोर पर आउट हुए।

मेयर्स ने रहकीम कॉर्नवाल के साथ टीम को जीत दिलाई और नाबाद दोहरे शतक के साथ पवेलियन लौटे। उन्होंने पदार्पण टेस्ट में पांचवां सर्वाधिक स्कोर बनाया और पदार्पण टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले टेस्ट इतिहास के छठे बल्लेबाज बने। यह लक्ष्य का पीछा करते हुए एशियाई जमीन पर यह सबसे बड़ी जीत और टेस्ट इतिहास की ओवरआल पांचवीं सबसे बड़ी जीत है।

संक्षिप्त स्कोर:
बंगलादेश: 430 और आठ विकेट पर 223 रन पारी घोषित
वेस्ट इंडीज: 259 और सात विकेट पर 395 रन

स्मिथ ने जीता एलेन बॉर्डर मैडल

मेलबोर्न। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के वार्षिक पुरस्कारों में एलेन बॉर्डर मैडल जीत लिया है जबकि बेथ मूनी ने बेलिंडा क्लार्क अवार्ड जीता है। स्मिथ (126) को सबसे ज्यादा वोट मिले। तेज गेंदबाज पैट कमिंस (114) दूसरे और सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच (97) तीसरे स्थान पर रहे। स्मिथ ने तीसरी बार एलेन बॉर्डर मैडल जीता है और वह माइकल क्लार्क तथा रिकी पोंटिंग से एक कदम पीछे हैं जिन्होंने चार-चार बार यह अवार्ड जीता है। स्मिथ ने वर्ष के वनडे खिलाड़ी का भी पुरस्कार जीता। फिंच और एडम जम्पा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कमिंस ने टेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार जीता जबकि जोश हेजलवुड दूसरे और मार्नस लाबुशेन तीसरे स्थान पर रहे। एश्टन एगर ने टी-20 खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

महिला वर्ग में मूनी ने पहली बार बेलिंडा क्लार्क अवार्ड जीता। मेग लेनिंग को दूसरा और जार्जिया वेयरहैम को तीसरा स्थान मिला। मूनी ने टी-20 खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता जबकि रैचेल हेंस ने वनडे खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

खाद्य तेलों में गिरावट, दालों में वृद्धि, गेहूँ, गुड़ के दाम घटे

नई दिल्ली ।

वदेशों में खाद्य तेलों में मिश्रित रुख के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार में बीते सप्ताह अधिकतर खाद्य तेलों में गिरावट दर्ज की गई जबकि अधिकांश दालों में तेजी रही। इसके अलावा गेहूँ और गुड़ के दाम भी घट गये। वहीं चीनी की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गयी है।

तेल तिलहन : विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा समीक्षाधीन सप्ताह में 207 रिंगिट की छलाँग लगाकर 3,489 रिंगिट प्रति टन पर पहुँच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.19 सेंट घटकर सप्ताहांत पर 44.75 सेंट प्रति पाउंड बोला गया।

स्थानीय बाजार में ग्राहकी उतरने से वनस्पति तेल की कीमत 1428 रुपये, सूरजमुखी तेल की 1759 रुपये तथा पाम ऑयल की कीमत 2052 रुपये प्रति क्विंटल घट गयीं जबकि सोया रिफाइंड में 439 रुपये की तेजी देखी गयी। वहीं, सरसों तेल की कीमतें स्थिर रहीं।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 14,652 रुपये, मूंगफली तेल 17,435 रुपये, सूरजमुखी 13,626 रुपये, सोया रिफाइंड 13,626 रुपये, पाम ऑयल 10,402 रुपये, वनस्पति 11,319 रुपये प्रति क्विंटल रहा। दाल-दलहन : समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान चना दाल को छोड़कर सभी दालों की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गयी। ग्राहकी अधिक रहने से मसूर दाल 100 रुपये, मूँग दाल 100 रुपये, अरहर दाल में 400 रुपये और उड़द दाल में 250 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि दर्ज की गयी। वहीं चना दाल में 75 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।

सप्ताहांत पर दाल-दलहन में चना 4,275-4,375, दाल चना 5,325-5,525, मसूर काली 6,600-6,900, मूंग दाल 9,000-9,300, उड़द दाल 9,150-9,450, अरहर दाल 8,900-9,200 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : गेहूँ की ग्राहकी उतरने से इसकी कीमत 20 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। इस दौरान चावल की कीमत स्थिर रही। सप्ताहांत पर अनाज (भाव प्रति क्विंटल) : गेहूं दड़ा 1,965-1985 रुपये और चावल : 2,700-2,800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी गुड़ : मीठे के बाजार में त्योहारी माँग उतरने से गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी के भाव में वृद्धि हुई है। सप्ताहांत पर चीनी एस 3,340-3,390, चीनी एम. 3,430-3,530, मिल डिलीवरी 3,260-3,360 और गुड़ 2,800-2,900 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

तनुष की घातक गेंदबाजी

नई दिल्ली ।

मैन ऑफ द मैच तनुष चौहान की घातक गेंदबाजी (26 रन पर चार विकेट) की बदौलत एनडुरेंस क्रिकेट एकेडमी ने अंडर-17 एनडुरेंस क्रिकेट टूर्नामेन्ट में वेस्ट दिल्ली एकेडमी द्वारका को चार विकेट से हराकर पूरे अंक हासिल किए। पहले खेलते हुए वेस्ट दिल्ली की टीम तनुष चौहान और आरिन खान (2/13) की शानदार गेंदबाजी के चलते 35 ओवरों में 138 रनों पर सिमट गई। प्रणव ने 29 रन बनाए। जवाब में एनडुरेंस क्रिकेट एकडेमी ने 28 ओवरों में छह विकेट पर 144 रन बनाकर मैच जीत लिया। कनिष्क दलाल व तुभ्यम जैन ने 33-33 रनों की पारी खेली जबकि श्लोक सिंह ने 23 रनों पर दो विकेट लिए।

पेट्रोल-डीजल के दाम दूसरे दिन भी स्थिर

नई दिल्ली ।

पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को लगातार दूसरे दिन भी स्थिर रहे। देश में पेट्रोल की कीमतें इस समय रिकॉर्ड स्तर पर हैं। दिल्ली को छोड़कर अन्य शहरों में डीजल के दाम भी ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर हैं।

घरेलू बाजार में सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत में पिछले दिवस की तुलना में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह 86.95 रुपये प्रति लीटर पर रही। मुंबई में पेट्रोल 93.49 रुपये रहा जबकि कोलकाता में इसकी कीमत 88.30 रुपये प्रति लीटर रही।

चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल 89.39 रुपये का बिका। पेट्रोल मुंबई में पहली बार 93 रुपये और चेन्नई में पहली बार 89 रुपये प्रति लीटर के पार पहुँचा है। डीजल की कीमत दिल्ली में 77.13 रुपये प्रति लीटर रही।

डीजल की कीमत मुंबई में 83.99 रुपये, चेन्नई में 82.33 रुपये और कोलकाता में 80.71 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर बनी रही।

विदेशी मुद्रा भंडार 590 अरब डॉलर के पार

मुंबई । देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 4.85 अरब डॉलर बढ़कर 59 0.18 अरब डॉलर के पार पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में यह 1.09 अरब डॉलर बढ़ कर 585.33 अरब डॉलर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 29 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.02 अरब डॉलर बढ़कर 547.21 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.64 अरब डॉलर घटकर 36.29 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 60 लाख डॉलर घटकर 5.16 अरब डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 40 लाख डॉलर घटकर 1.50 अरब डॉलर पर आ गया।

छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को जूडो का प्रशिक्षण दे रही आईटीबीपी

नई दिल्ली। भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में स्थानीय स्कूलों में छात्रों को जूडो का प्रशिक्षण देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और यहां के स्कूली बच्चे विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब तक 112 पदक हासिल कर चुके हैं। आईटीबीपी की 41वीं बटालियन के जवान स्कूली बच्चों को जूडो में प्रशिक्षित कर रहे हैं। बटालियन के दो जवान पांच घंटे के लिए प्रतिदिन चार बैचों में 200 स्थानीय लड़कों और लड़कियों को जूडो का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

कांस्टेबल जाकिर हसन ने अक्टूबर 2016 में कमांडेंट सुरिंदर खत्री के मार्गदर्शन में जूडो प्रशिक्षण की शुरुआत की थी। आईटीबीपी की ओर से प्रशिक्षित 161 स्कूली बच्चों ने अब तक विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया है।

योगेश सोरी ने 2018 में अंडर-14 राष्ट्रीय जूडो में 35 किलोग्राम अंडर-14 भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। इसी प्रकार अनिल कुमार ने 2019 में राष्ट्रीय जूडो में 40 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया था। स्कूली छात्रा शिवानी ने 2019 में ही एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले में आईटीबीपी जूडो के अलावा हॉकी और तीरंदाजी में भी स्थानीय स्कूली बच्चों को प्रशिक्षित कर रहा है। आईटीबीपी अधिकारियों ने बताया कि 2016 से अब तक विभिन्न खेलों में 500 से अधिक स्थानीय स्कूली बच्चों को प्रशिक्षित किया गया है।

विजय हजारे ट्रॉफी 20 फरवरी से, दिल्ली को मिला मुश्किल ग्रुप

नई दिल्ली।

घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी 20 फरवरी से शुरू होगी और सभी टीमों को अपने सम्बन्धित स्थलों पर 13 फरवरी तक पहुंचने के लिए कहा गया है ताकि उनका छह दिन का क्वारंटीन शुरू हो सके।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राज्य संघों को पत्र लिखकर बताया है कि विजय हजारे ट्रॉफी 20 फरवरी से शुरू हो रही है। विजय हजारे के लीग मैच 20 फरवरी से एक मार्च तक होंगे। नॉकआउट आठ मार्च से शुरू होंगे लेकिन इससे पहले टेस्टिंग का एक और दौर होगा। सेमीफाइनल 11 मार्च को होंगे और फाइनल 14 मार्च को खेला जाएगा। नॉकआउट के स्थलों की घोषणा बाद में की जायेगी। कर्नाटक विजय हजारे का गत चैंपियन है।

दिल्ली को विजय हजारे ट्रॉफी में मुश्किल ग्रुप मिला है। दिल्ली के एलीट डी ग्रुप में मुंबई, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पुडुचेरी जैसी टीमें हैं जिसमें पुड्डुचेरी को छोड़कर बाकी टीमें काफी मजबूत हैं और क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए दिल्ली को ग्रुप में शीर्ष पर आना होगा जो काफी मुश्किल काम है।

दिल्ली ने हाल में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था लेकिन अच्छी शुरुआत के बाद टीम लड़खड़ा गयी और नॉक आउट दौर तक नहीं पहुंच पायी। दिल्ली ने अपने पहले मैच में मुंबई को 76 रन से हराया और फिर आंध्र को छह विकेट से पराजित किया। दिल्ली को फिर केरल से छह विकेट से और हरियाणा से पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली ने अपने आखिरी मैच में पुड्डुचेरी को 110 रन से हराया लेकिन वह अपने एलीट ग्रुप ई में हरियाणा के बाद दूसरे स्थान पर रही और क्वार्टरफाइनल में नहीं पहुंच पायी।

टीमों को अपने सम्बन्धित शहरों में 13 फरवरी तक पहुंचना होगा ताकि उनका क्वारंटीन शुरू हो सके। बीसीसीआई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की तरह विजय हजारे ट्रॉफी के लिए छह स्थल तैयार किये हैं जिसमें सूरत, इंदौर, बेंगलुरु, जयपुर, कोलकाता और तमिलनाडु में एक स्थल शामिल है। तमिलनाडु के इस स्थल का अभी फैसला होना है।

विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप इस प्रकार हैं:

एलीट एः (सूरत): गुजरात, छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, हैदराबाद, बड़ौदा और गोवा

एलीट बी (इंदौर): तमिलनाडु, पंजाब, झारखंड, मध्य प्रदेश, विदर्भ और आंध्र प्रदेश

एलीट सी (बेंगलुरु): कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, केरल, ओडिशा, रेलवे और बिहार

एलीट डी (जयपुर): दिल्ली, मुंबई, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पुडुचेरी

एलीट ई(कोलकाता): बंगाल, सर्विसेज, जम्मू-कश्मीर, सौराष्ट्र, हरियाणा और चंडीगढ़ प्लेट (तमिलनाडु, शहर का फैसला अभी होना है): उत्तराखंड, नागालैंड, असम, मेघालय , मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और सिक्किम।

बीते सप्ताह सोना और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट



मुंबई । आम बजट में कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में कमी किए जाने और वैश्विक स्तर पर मिले कमजोर संकेतों के बल पर बीते सप्ताह घरेलू वायदा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गयी। गत सप्ताह एसीएक्स वायदा बाजार में सोना 2196 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 47,090 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ। सोना मिनी भी 2452 रुपये की साप्ताहिक गिरावट के साथ 46,879 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी पीली धातु पर दबाव रहा। सप्ताह के दौरान सोना हाजिर 66.90 डॉलर कमजोर हुआ और शुक्रवार को 1,804.75 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा 65.10 डॉलर की नरमी के साथ 1,805.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर सप्ताह के दौरान 0.98 डॉलर चढ़कर सप्ताहांत पर 26.57 डॉलर प्रति औंस के भाव पर बंद हुई। घरेलू स्तर पर एमसीएक्स में चाँदी 2944 रुपये की साप्ताहिक गिरावट के साथ 67,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चाँदी मिनी 2,831 रुपये गिरकर 67,866 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गई।

बजट के बाद सेंसेक्स में जबर्दस्त तेजी

मुंबई ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा विकास केन्द्रित बजट पेश किए जाने के बाद बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तेजी बनी और बीएसई सेंसेक्स इस दौरान 9.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,445.86 अंक बढ़कर 50,731.63 अंक तक पहुंच गया।

इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने महंगाई के लक्षित दायरे में आने का हवाला देते हुए कोरोना वायरस से प्रभावित अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के उद्देश्य से नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई सूचकांक में भी बीते सप्ताह रिकॉर्ड वृद्धि देखी गयी। एनएसई इस दौरान 9.46 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,289.65 अंक उछलकर 14,924.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

पांच फरवरी को बीएसई का सेंसेक्स रिकॉर्ड 51,073.27 तक पहुंचा जबकि निफ्टी का एनएसई सूचकांक भी रिकॉर्ड 15,014.65 अंक के उच्चतम स्तर तक पहुंचा।

वहीं बीएसई के मिडकैप में बीते सप्ताह 7.36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी और वह 1,330.94 अंक की बढ़त के साथ 19,413.17 अंक तक पहुंचा जबकि स्मालकैप में 6.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी और वह 1,107.86 अंक चढ़कर 19,096.06 अंक पर बंद हुआ।

बीते सप्ताह सोमवार एक फरवरी को केन्द्रीय बजट की घोषणा के साथ ही सेंसेक्स में 2,314.84 अंक का उछाल आया और वह 48,600.61 अंक तक पहुंच गया। बजट के बाद निवेशकों में आए उत्साह के बल पर निफ्टी का एनएसई सूचकांक भी 646.60 अंक की बढ़त के साथ 14,281.20 अंक पर आ गया।

इसके बाद मंगलवार दो फरवरी को भी सेंसेक्स में 1,197.11 अंक का उछाल आया और वह 49,797.72 अंक तक पहुंच गया जबकि निफ्टी में 366.65 अंक की वृद्धि दर्ज की गयी और वह 14,647.85 अंक के स्तर तक पहुंचा।

तीन फरवरी बुधवार को सेंसेक्स पहली बार 50 हजार को पार कर 458.03 अंक की वृद्धि के साथ 50,255.75 तक पहुंच गया जबकि निफ्टी के सूचकांक में 142.10 अंक की वृद्धि हुई और वह 14,789.95 अंक के स्तर तक पहुंच गया।

गुरुवार चार फरवरी को भी सेंसेक्स में तेजी जारी रही और वह 358.54 अंक के उछाल के साथ 50,614.29 अंक के स्तर तक पहुंच गया जबकि निफ्टी का सूचकांक 105.70 अंक की वृद्धि के साथ 14,895.65 अंक पर पहुंच गया।

शुक्रवार पांच फरवरी को रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों को यथावत रखने की घोषणा के बाद सेंसेक्स में 117.34 अंक की बढ़त दर्ज की गयी और बीएसई का सूचकांक 50,731.63 अंक पर बंद हुआ जबकि निफ्टी का एनएसई सूचकांक भी 28.60 अंक की वृद्धि के साथ 14,924.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में बढ़त देखी गयी और इसमें 3.98 प्रतिशत की साप्ताहिक वृद्धि देखी गयी। वहीं टाटा मोटर्स के शेयरों में 20.30 प्रतिशत की तेजी रही। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में जनवरी 2021 में टाटा मोटर्स के 59,959 वाहनों की बिक्री हुई है जबकि जनवरी 2020 में 47,862 वाहनों की बिक्री हुई थी। टाटा मोटर्स के वाहनों की बिक्री में 25.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

ईचर मोटर के शेयरों में 7.07 प्रतिशत जबकि हीरो मोटोकार्प के शेयरों में 5.29 प्रतिशत का उछाल आया था। इस दौरान बजाज ऑटो के शेयरों में 5.56 प्रतिशत का उछाल आया है। बजाज ऑटो की बिक्री में जनवरी 2020 के मुकाबले जनवरी 2021 में करीब आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एचडीएफसी के शेयरों में भी रिकॉर्ड 14.45 प्रतिशत की तेजी देखी गयी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में 39.35 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एसबीआई के लाभ में 6.93 प्रतिशत की 5,196.22 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। भारती एयरटेल में 5.07 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। महिंद्रा में भी रिकार्ड 15.43 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

पूर्व टेनिस खिलाड़ी अख्तर अली का निधन



कोलकाता । पूर्व डेविस कप खिलाड़ी अख्तर अली का मध्य कोलकाता स्थित अपने निवास पर निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अख्तर अली के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अख्तर अली ने वर्ष 1958-1964 के बीच टेनिस खिलाड़ी के रूप में देश का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया था। सुश्री बनर्जी ने अपने शोक संदेश में कहा, ''टेनिस दिग्गज अख्तर अली के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ।' उन्होंने कहा कि अख्तर सर ने देश के कई चैंपियनों को प्रशिक्षित किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने वर्ष 2015 में उन्हें बंगाल का सर्वोच्च खेल पुरस्कार प्रदान किया था। उन्होंने कहा, ''मेरा सौभाग्य था कि मुझे हमेशा उनका स्नेह मिला। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना।''

नेपालः प्रधानमंत्री के विरोध में प्रचंड समर्थकों ने निकाली रैली, वी हेट यू के पी ओली के लगे नारे

काठमांडू । नेपाल में कम्युनिस्ट पार्टी के भीतर छिड़े संग्राम में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड समर्थक छात्रों ने रैली की। ये छात्र प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की संसद को भंग करने की सिफारिश पर अपना विरोध जता रहे थे। माना जा रहा है कि यह रैली ओली समर्थक छात्रों की दो दिन पूर्व हुई उस रैली के जवाब में हुई है जिसमें वी लव केपी ओली.. और ओली इज अवर हीरो.. के नारे लगे थे।

रविवार को हुई रैली में प्रचंड समर्थकों ने वी हेट केपी ओली..के नारे लगाए। रैली में कहा गया कि ओली ने संसद को भंग करने की सिफारिश कर देश को अवनति के मार्ग पर धकेल दिया है। यह रैली पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड और माधव कुमार नेपाल के ओली के खिलाफ छेड़े गए अभियान का हिस्सा है। इन दोनों नेताओं समेत कई वरिष्ठ नेता ओली के मनमाने फैसलों का लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। संसद भंग करने की सिफारिश के बाद इन नेताओं के नेतृत्व वाले कम्युनिस्ट पार्टी के धड़े ने ओली को पार्टी से निष्कासित कर दिया। लेकिन ओली समर्थकों का दावा है कि असली कम्युनिस्ट पार्टी उन्हीं की है।

गौरतलब है कि 20 दिसंबर, 2020 को नेपाल में राजनीतिक संकट की स्थिति उस समय पैदा हुई थी, जब चीन समर्थक ओली ने संसद भंग करने की सिफारिश की थी। ओली को यह कदम चौंकाने वाला था। उनका यह कदम प्रचंड के साथ चल रहे राजनीतिक संघर्ष के कारण उठाया गया था। सदन को भंग करने के एलान के बाद नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के सबसे बड़े धड़े का विरोध शुरू हो गया। इसका नेतृत्व पार्टी के सह अध्यक्ष प्रचंड कर रहे हैं।

अमेरिकाः दुनिया की निगाहें ट्रंप के खिलाफ महाभियोग पर टिकीं, बस एक हफ्ते का इंतजार

अमेरिका सहित पूरे दुनिया की निगाहें अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ लगे महाभियोग पर टिकी हुई हैं। महाभियोग ने वाशिंगटन में एक बार फिर राजनीतिक तनाव पैदा कर दिया है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स एक बार फिर आमने-सामने हैं। अदालत की कार्यवाही अगले सप्ताह सीनेट में शुरू होने वाली है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप के वकीलों की फौज महाभियोग अदालत में मुख्य आरोपों को खारिज करने का प्रयास करते हुए 3 नवंबर को हुए चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप लगाएगी। जबकि ट्रंप के विरोधी कैपिटल हिल में हुए उपद्रव के लिए ट्रंप के भाषण को जिम्मेदार मानते हैं। 3 नवंबर से पहले ट्रंप ने कहा था कि अगर वह हारते हैं तो नतीजों को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने ऐसा किया भी। चुनाव हारने के बाद उन्होंने लगातार एक के बाद एक बिना किसी तर्क के चुनाव में धोखाघड़ी की शिकायत की। ट्रंप ने अदालत में अनियमितता, धोखाधड़ी और जालसाजी के 50 से अधिक मुकदमे दायर किए हैं।

कांग्रेस में महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद महाभियोग न्यायालय अब सीनेट के अधिकार क्षेत्र में है। सीनेट में महाभियोग अदालत की कार्यवाही अगले मंगलवार से शुरू हो रही है। वहीं ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि उनका पक्ष रखने वकील उनकी जगह कोर्ट में मौजूद होंगे। ट्रंप के वकील महाभियोग अदालत में चुनावी धोखाधड़ी के ट्रंप के दावों को सही ठहराने की कोशिश करेंगे।

ट्रंप के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन का कहना है कि डेमोक्रेट नेता ट्रंप को दंडित करने के साथ उनका राजनीतिक भविष्य सील कर देना चाहते हैं। डेमोक्रेट्स महाभियोग अदालत को यह बताने की कोशिश करेंगे कि कैपिटॉल हिल पर हुए हमले के पीछे उपद्रवियों को उकसाने और भड़काने का काम किया गया।

हालांकि अनेक रिपब्लिकन भी ट्रंप के भड़काऊ भाषण के आलोचक रहे हैं और ट्रंप के बचाव में वो आगे नहीं आए। समय बीतने के साथ-साथ अब महाभियोग को लेकर नाराज रिपब्लिकन सिनेटेर का रुख थोड़ा नरम पड़ गया है जो ट्रंप के लिए राहत की बात है। ट्रंप समर्थकों का तर्क है कि महाभियोग न्यायालय संविधान के अनुसार आगे नहीं बढ़ सकता है। ट्रंप के वकीलों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप के सत्ता छोड़ने के बाद महाभियोग के लिए अमेरिकी संविधान में कोई प्रावधान नहीं है और अंत में सब कुछ निरर्थक साबित होगा।

दो मशहूर वकील ब्रूस केस्टर और डेविड स्क्वाइन ट्रंप के महाभियोग अदालत का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं। पोलिटिको ने कहा कि वे भी नहीं चाहते थे कि 8 जनवरी की घटना पर अदालत में बहस हो। डेमोक्रेट्स को लगता है कि कैपिटल हिल में हुई अराजकता के बीच पांच लोग मारे गए और सीनेटर खुद असुरक्षित और पीड़ित थे।

अमेरिका के इतिहास में कैपिटल हिल में ऐसी अराजकता कभी नहीं देखी गई। रिपब्लिकन जॉन कॉर्निन का कहना है कि डेमोक्रेटिक पार्टी एक बड़ा अभियान चलाना चाहती है। कुछ रिपब्लिकन महाभियोग की कार्रवाई को सुनना और देखना चाहते हैं। अटॉर्नी एलेन दर्शीज, डोनाल्ड ट्रंप के पहले महाभियोग के दौरान एक वकील के रूप में शामिल थे। उनके अनुसार ट्रंप के वकीलों द्वारा 8 जनवरी की घटना से बचने के लिए अपनाई गई रणनीति सही नहीं है।

खबरें एक नजर में

उत्तराखंड में तबाहीः अमित शाह ने ताबड़तोड़ उठाए कदम, 30 मिनट में टीमें हुईं रवाना

उत्तराखंड के चमोली में ग्लेशियर टूटने की सूचना मिलते ही केंद्रीय गृह मंत्रालय सक्रिय हो गया था। घटना की भयावह स्थिति के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने हादसे की सूचना मिलने के 30 मिनट के भीतर एयरफोर्स, आईटीबीपी और एनडीआरएफ के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव टीमें चमोली के लिए रवाना कर दी थी। उन्होंने सबसे पहले आईटीबीपी अधिकारियों से घटना के बारे में बातचीत की थी। आईटीबीपी के जवान ही सबसे पहले घटना स्थल पर पहुंचे थे। अमित शाह का कहना था कि मोदी सरकार इस संकट की घड़ी में उत्तराखंड के लोगों के साथ खड़ी है।

गृह राज्यमंत्री राय को एनडीआरएफ के कंट्रोल रूम भेजाः बता दें कि रविवार सुबह साढ़े दस बजे जैसे ही यह सूचना आई कि उत्तराखंड में ग्लेशियर टूटने के कारण भारी तबाही मच गई तो केंद्रीय गृह मंत्री सक्रिय हो गए थे। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री नित्यानंद राय को एनडीआरएफ के कंट्रोल रुम में बैठने के लिए कहा। राय ने बिना कोई देरी किए मंत्रालय के कंट्रोल रुम की कमान संभाल ली। वहां पर एनडीआरएफ और दूसरे सुरक्षा बलों के अधिकारी भी मौजूद थे।

पूरे देश में रेलवे करने जा रहा एक बड़ा बदलाव, जानकर आप भी कहेंगे वाह

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट में अगले तीन वर्षों में देश की सभी रेलवे लाइन को विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही वर्ष 2030 तक भारतीय रेलवे विश्व की पहली प्रदूषण रहित रेल बन जाएगी। यह जानकारी रेल मंत्री पीयूष गोयल ने दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 तक सभी ट्रेनें डीजल मुक्त हो जाएगी जिसके कारण दिल्ली सहित पूरे देश को वायु प्रदूषण से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार बनने से पहले रेलवे में प्रति वर्ष 40-45 हजार करोड़ का निवेश होता था।

इस वर्ष वित्त मंत्री ने रेलवे में 2 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। इसी तरह से हाईवे के विस्तार के लिए बड़ी राशि खर्च होगी। रेल और सड़क में निवेश से विकास में तेजी आएगी। वह दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भूमि नहीं मिलने और कोरोना की वजह से मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में देरी हुई है। गुजरात में 90 फीसद भूमि अधिग्रहण हो चुका है और वहां काम के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। दूसरी ओर महाराष्ट्र में मात्र 30 फीसद भूमि अधिग्रहण हुआ है। आने वाले समय में देश के सात अन्य रूट पर हाई स्पीड और सेमी हाई स्पीड ट्रेन चलाने का प्रस्ताव है। इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार के समय में 20 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होता था। अब एक लाख मेगावाट का उत्पादन होता है। वर्ष 2022 तक 1.75 लाख मेगावाट और वर्ष 2030 तक 4.50 लाख मेगावाट अक्षय ऊर्जा का लक्ष्य है। रेलवे का भी इसमें योगदान होगा और वर्ष 2030 तक 100 फीसद अक्षय ऊर्जा से रेल चलाने का लक्ष्य है। अगले 10 वर्षों में देश में पूरी तरह से बिजली आधारित दो-पहिया और चार पहिया वाहनों का उत्पादन शुरू करने की तैयारी है।

महाराष्ट्रः शिवसेना कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता पर फेंकी स्याही, साड़ी पहनाने की भी कोशिश

महाराष्ट्र के सोलापुर में रविवार को एक शख्स को काली स्याही से नहलाने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, कथित तौर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर शिवसेना के कुछ कार्यकर्ताओं ने आरोपी को पीटा और कालिख पोत दी। सिर्फ यही नहीं शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने आरोपी को साड़ी पहनाकर बाजार में घुमाया। आरोपी को भारतीय जनता पार्टी का स्थानीय नेता भी बताया जा रहा है।

कश्मीर पर न्यूयार्क असेंबली में पारित प्रस्ताव पर भारत ने जताई कड़ी आपत्ति

न्यूयार्क । भारत ने अमेरिका की न्यूयार्क असेंबली में कश्मीर को लेकर पारित प्रस्ताव की कड़ी निंदा की। भारत ने तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि यह लोगों को विभाजित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के समृद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक ताने-बाने की गलत व्याख्या करने की निहित स्वार्थी लोगों की चिंताजनक कोशिश है। बता दें कि तीन फरवरी को न्यूयार्क स्टेट असेंबली ने गवर्नर एंड्रयू कुओमो से पांच फरवरी को कश्मीर अमेरिकी दिवस घोषित करने का अनुरोध करने संबंधी एक प्रस्ताव पारित किया था।

वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस प्रस्ताव पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि हमने कश्मीर अमेरिकी दिवस संबंधी न्यूयार्क असेंबली का प्रस्ताव देखा है। अमेरिका की तरह भारत भी एक जीवंत लोकतांत्रिक देश है। भारत जम्मू-कश्मीर समेत अपने समृद्ध सांस्कृतिक ताने-बाने और अपनी विविधता का उत्सव मनाता है। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इसे अलग नहीं किया जा सकता। प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि हम भारत-अमेरिका साझेदारी और विविधता भरे भारतीय समुदाय से जुड़े सभी मामलों पर न्यूयार्क स्टेट में निर्वाचित प्रतिनिधियों से बात करेंगे।

वास्तविकता स्वीकार करे पाक

न्यूयार्क में पाकिस्तान के महावाणिज्य दूतावास ने ट्वीट कर इस प्रस्ताव को पारित कराने के लिए सायेघ और द अमेरिकन पाकिस्तानी एडवोकेसी ग्रुप की सराहना की। भारत पाकिस्तान समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्पष्टरूप से कह चुका है कि राज्य से अनुच्छेद 370 हटाना उसका आंतरिक मामला है। पाकिस्तान से उसने इसकी वास्तविकता स्वीकार कर भारत विरोधी दुष्प्रचार बंद करने की सलाह दी है।

पोर्ट मोर्सबी में तेज भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर तीव्रता रही 6.2

पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोर्सबी के 644 किलोमीटर उत्तर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 रही। रविवार को सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर पोर्ट मोर्सबी के उत्तर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी ने इस भूकंप की जानकारी दी।

इसके अलावा फिलीपींस के मिंदनाओ द्वीप पर भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इस द्वीप में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर छह थी।

अनोखे मुकदमे का निपटाराः पर्यावरण को नुकसान, फ्रांस पर लगा जुर्माना

दुनिया में पहली बार जलवायु परिवर्तन को लेकर एक अनोखे मुकदमे का निपटारा हुआ है। पेरिस की एक अदालत ने फ्रांस सरकार को जलवायु खतरों से निपटने के लिए पूरा प्रयास नहीं करने का दोषी करार दिया है। अदालत ने फ्रांस सरकार पर एक यूरो का प्रतीकात्मक जुर्माना लगाया है। पेरिस की प्रशासनिक अदालत में इस मुकदमे की सुनवाई हुई। दरअसल, दो साल पूर्व चार गैर सरकारी संगठनों ने यह मुकदमा दायर किया था, जिसे 23 लाख लोगों का समर्थन प्राप्त था। ऑनलाइन याचिका पर इतने लोगों ने हस्ताक्षर किए थे। कई बार सुनवाई करने के बाद बुधवार को अदालत ने फैसला दिया। अदालत ने ऐतिहासिक फैसले में फ्रांस में जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिकीय तंत्र को क्षति पहुंचने की बात मानी। अदालत ने कहा कि फ्रांस सरकार ग्रीनहाउस गैसों को कम करने के लक्ष्यों को पूरा करने में नाकामयाब रही है, जिसके चलते पारिस्थितिकीय क्षति हुई। इस पर अदालत ने राज्य को मुआवड़े के रूप में 1 यूरो की प्रतीकात्मक रकम का भुगतान करने का आदेश दिया।

आलिया भट्ट ने मालदीव्स से शेयर की हॉट तस्वीरें, समुद्र किनारे बिकिनी में आईं नजर



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट के चाहने वालों की लिस्ट बहुत लंबी है। आलिया अक्सर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर घूमने निकल जाती हैं। नए साल के मौके पर भी आलिया रणबीर कपूर के साथ घूमने गई थीं। अब एक बार फिर से एक्ट्रेस घूमने निकल गई हैं। अब आलिया इन दिनों शाहीन भट्ट, आकांक्षा रंजन कपूर और अनुष्का रंजन कपूर के साथ मालदीव में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। इस दौरान की एक्ट्रेस की फोटोज भी सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। अब ने बिकिनी की फोटो फैंस के लिए अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस फोटो से फैंस अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर बिकिनी की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह काफी हॉट नजर आ रही हैं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर जो बिकिनी की फोटो शेयर की है, उसमें वह समुद्र के किमारे बैठी नजर आ रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है- नीले समुद्र और एक मीन। तस्वीरों में एक्ट्रेस काफी फन के मूड में नजर आ रही हैं। बिकिनी के साथ काला चश्मा लोगों को अपनी तरफ खींच रहा है। आलिया भट्ट को आखिरी बार महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म सड़क टू में फैंस ने देखा था। इस फिल्म में उनके अलावा आदित्य रॉय कपूर और संजय दत्त की अहम भूमिका थी। हालांकि फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप हुई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट जल्द रणबीर कपूर, अमिताभ बच्चन और मौनी रॉय की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में नजर आएंगी। इसके अलावा एक्ट्रेस एसएस राजामौली के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'आरआरआर' में भी नजर आएंगी।

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन की वैनिटी वैन का हुआ एक्सीडेंट, साउथ स्टार ने घर पहुंचते ही बच्चों को लगाया गले

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को हाल ही में हैदराबाद में स्पॉट किया गया था। वह अपनी फिल्म 'पुष्पा' की शूटिंग के लिए हैदराबाद पहुंचे थे। वह अपनी वैनिटी वैन से ही सफर करते हैं, जिसका नाम फाल्कन है। शनिवार को खम्मम स्थित एक जगह पर उनकी वैनिटी वैन का एक्सिडेंट हो गया। सौभाग्य से, जब यह एक्सिडेंट हुआ तब सुपरस्टार उसके अंदर मौजूद नहीं थे। पर उनकी मेकअप टीम के सदस्य जो वैन के अंदर थे, उन्हें हल्की फुल्की चोट आने की खबर सामने आई है। अभिनेता की सबसे बेशकीमती चीजों में से एक वैन को पीछे से किसी अन्य वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस मामले में खम्मम ग्रामीण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि किसी को भी चोट नहीं आई है। यह वैनिटी वैन, अल्लू अर्जुन की बेशकीमती चीजों में से एक है। बता दें कि अल्लू अर्जुन आगामी ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा' की शूटिंग पूरी करने के बाद फ्लाइट से वापस लौट गए थे। उनकी वैनिटी वैन पर उनका लोगो लगा हुआ है, जिसके देखने के बाद दुर्घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई थी। उन्हें अभिनेता तो नहीं मिले, लेकिन लोगों ने उनकी वैनिटी वैन के साथ ही सेल्फी लेना शुरू कर दिया था। इससे जाहिर होता है कि साउथ में अल्लू अर्जुन को लेकर फैंस में कितना क्रेज है।

कुछ सालों पहले अर्जुन ने अपनी भव्य वैन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थी। उन्होंने लिखा था, हर बार जब मैं अपने जीवन में कुछ बड़ा खरीदता हूं ... मेरे दिमाग में केवल एक ही विचार आता है ... लोगों ने बहुत प्यार किया है ... यह उनके प्यार की ताकत है कि मैं यह सब खरीदने में सक्षम हो रहा हूंष् आभार सदैव। आप सभी को धन्यवाद। यह मेरी वैनिटी वैन फाल्कन है। इस वाहन की कीमत 7 करोड़ रुपये के आसपास है। इसका इंटीरियर बेहद शानदार है। इतना ही नहीं, इसमें लेदर की सीट, बहुत बड़ा शीशा, स्पॉटलाइट लाइटिंग और कुछ मनोरंजन के साधन भी मौजूद हैं। खास बात ये है कि इस पर एक्टर का सिग्नेचर। लोगो भी लगा हुआ है।



अनुष्का शर्मा ने डिलीवरी के बाद पोस्ट की मिरर सेल्फी, बॉडी देख लोग बोले-बच्चा भी हुआ था क्या

अनुष्का शर्मा 11 जनवरी को प्यारी सी बेटी की मां बनी हैं। कुछ वक्त के लिए उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी। अब फिर से वापसी की है। इंट्रेस्टिंग बात ये है कि अनुष्का की लेटेस्ट तस्वीर देखकर आपको लगेगा नहीं कि उन्होंने हाल ही बच्ची को जन्म दिया है। अनुष्का ने अपनी मिरर सेल्फी पोस्ट की है। इसमें वह कंधे पर बर्प क्लोथ (बच्चे को डकार दिलाने वाला कपड़ा) डाले दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, मेरी करंट फेवरिट एक्सेसरी- बर्प क्लोथ। अनुष्का की फिट बॉडी देखकर लोग हैरत में हैं। लोगों ने उनसे पूछा है कि क्या वह कभी प्रेग्नेंट थीं। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने अपनी बेटी का नाम वामिका रखा है। रीसेंटली उन्होंने वामिका के साथ तस्वीर भी पोस्ट की थी। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लोगों की प्रार्थनाओं और विशेज के लिए धन्यवाद दिया था। विराट कोहली ने रीसेंटली टाइम्स नाऊ को दिए इंटरव्यू में कहा था कि पिता बनने की खुशी को वह मैच खेलने या जीतने से कम्पेयर नहीं कर सकते। यह उनकी जिंदगी के बेहतरीन पल के रूप में रहेगा।

करण जौहर ने यश-रूही को किया बर्थडे विश तो दोनों ने कर दी पापा की खिंचाई



करण जौहर के जुड़वा बच्चे यश और रूही 7 फरवरी 2021 को 4 साल के हो गए हैं। इस मौके पर करण जौहर ने हमेशा की तरह अपने बच्चों को विश करते हुए एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में करण जौहर अपने बच्चों को बर्थडे विश कर रहे हैं जबकि उनके दोनों बच्चे उनके चमकीले कपड़ों का मजाक उड़ा रहे हैं और कह रहे हैं कि वे करण के कपड़ों से तंग आ गए हैं। करण जौहर ने इस मजेदार वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, जन्मदिन पर गुडबाय कहना जरूरी है। एक बार फिर फैशन क्रिटिक्स मेरी आलोचना करने के लिए हाजिर हैं। मेरी जिंदगी के प्यार को हैपी बर्थडे रूही और यश। बता दें कि करण जौहर इससे पहले कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन के दौरान भी अपने बच्चों के मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे थे। ये वीडियोज फैन्स के बीच सोशल मीडिया पर काफी पॉप्युलर हुए थे। करण जौहर ने अपने पिता यश और मां हीरू के नामों पर अपने बच्चों के नाम यश और जूही रखे हैं।

आयुर्वेदिक हर्ब्स जो लिवर को रखेंगे एकदम दुरुस्त

शरीर के बाकी अंगों के साथ लिवर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भोजन को पचाने, ब्लड शुगर कंट्रोल करने व शरीर में मौजूद विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही बॉडी में कार्बोहाइड्रेट को स्टोर करने व प्रोटीन बनाने और जरूरी पोषक तत्वों को अवशोषित करता है। ऐसे में इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। नहीं तो फैटी लिवर, पीलिया या लिवर के सिकुड़न की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लिवर को हैल्दी बनाएं रखने के लिए आप अपनी डेली डाइट में कुछ हर्ब्स को शामिल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इन आयुर्वेदिक हर्ब्स के बारे में विस्तार से...

गुणों से भरपूर आंवला

विटामिन-सी की कमी पूरी करने के लिए आंवला का खासतौर पर सेवन किया जाता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल गुण इम्यूनिटी स्ट्रांग करने के साथ लिवर में फैट जमा होने से रोकते हैं। फैटी लिवर की समस्या होने पर इसका जूस पीना कारगर साबित होता है। आप इसका कच्चा, मुरब्बा, आचार या पाउडर के तौर पर सेवन कर सकते हैं।

औषधीय समान है लहसुन

लहसुन में विटामिन, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल आदि गुण होते हैं। आयुर्वेद में इसे औषधीय स्वरूप कहा जाता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना 1- 2 लहसुन की कलियों का सेवन करने से लिवर से जुड़ी परेशानियों के होने का खतरा कम रहता है। यह लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। ऐसे में बीमारियों से बचे रहने के लिए लहसुन को अपनी डेली डाइट में जरूर शामिल करें। आप लहसुन का प्रयोग सब्जी में करने के साथ इसका अचार बना कर खा सकते हैं। इसके अलावा लहसुन की कलियों को भुन कर भी खाया जा सकता है। मगर इसे अधिक मात्रा में खाने से बचें।

त्रिफला होगा फायदेमंद

आयुर्वेद में त्रिफला को बेहद ही फायदेमंद माना जाता है। यह एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जो शरीर को बीमारियों की चपेट में आने से बचाती है। बात इसके नाम की करें तो त्रिफला का अर्थ है- तीन चीजों से बना हुआ। ऐसे में यह मुख्य रूप से हरीतकी, बिभीतकी व आंवला से तैयार किया जाता है। इसे खाने से लिवर सही से काम करता है। ऐसे में इससे जुड़ी परेशानियों के होने का खतरा कम रहता है। साथ ही इससे मेटाबॉजिल्म बूस्ट होने में मदद मिलती है। ऐसे में दिनभर एनर्जेटिक महसूस होता है।

ग्रीन टी

लिवर को हैल्दी रखने के लिए ग्रीन-टी भी बेहद फायदेमंद होती है। खासतौर फैटी लिवर की समस्या होने पर दिन में 2 बार ग्रीन टी का सेवन करना चाहिए। इससे सूजन कम होने के साथ लिवर तंदुरुस्त होता है।